रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 295] नई दिल्ली, मंगलवार, नवम्बर 3, 2015/कार्तिक 12, 1937
No. 295] NEW DELHI, TUESDAY, NOVEMBER 3, 2015/KARTIKA 12, 1937

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 3 नवम्बर, 2015

(अंतिम जांच-परिणाम)

विषय : जापान और रूस के मूल के अथवा वहां से निर्यातित थैलिक एन्हाइड्राइड के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच

फा. सं. 14/6/2014-डीजीएडी.—समय-समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 तथा समय-समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन एवं संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 को ध्यान में रखते हुए।

मामले की पृष्ठभूमि

1. यत:, मैसर्स आईजी पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड और थिरूमलाई कैमिकल्स लिमिटेड (जिन्हें एतद्पश्चात याचिकाकर्ता अथवा आवेदक कहा गया है) ने समय-समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे एतद्पश्चात अधिनियम कहा गया है) समय-समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन एवं संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे एतद्पश्चात पाटनरोधी नियमावली अथवा नियमावली कहा गया है) के अनुसार निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें एतद्पश्चात प्राधिकारी कहा गया है) के समक्ष एक विधिवत साक्ष्यांकित आवेदनपत्र रूस और जापान (जिन्हें एतद्पश्चात संबद्ध कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित थैलिक एन्हाइड्राइड (जिसे एतद्पश्चात विचाराधीन उत्पाद अथवा संबद्ध वस्तु कहा गया है) के पाटन होने तथा उसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को क्षति होने का आरोप लगाते हुए दायर किया है और संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच की शुरूआत करने तथा पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने का अनुरोध करते हुए दायर किया है।

2. और यत:, प्राधिकारी ने यह उपपादित किया है कि संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के पाटन होने; घरेलू उद्योग को क्षति होने; और कथित पाटन एवं क्षति के बीच कारणात्मक संबंध होने के पर्याप्त साक्ष्य हैं; जो पाटनरोधी जांच की शुरूआत करने को न्यायोचित ठहराते हैं, इसलिए प्राधिकारी किसी कथित पाटन की मौजूदगी, उसकी डिग्री और उसके प्रभाव का निर्धारण करने

तथा पाटनरोधी शुल्क की एक ऐसी राशि की सिफारिश करने, जो यदि उद्ग्रहित की गई तो घरेलू उद्योग की क्षति को दूर करने के लिए उपयुक्त होगी, के लिए पाटनरोधी नियमावली के नियम 5 में उल्लिखित शर्तों के अनुसार, संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के कथित पाटन होने तथा उसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को क्षति होने के संबंध में दिनांक 09 मई, 2014 की अधिसूचना संख्या 14/6/2014-डीजीएडी के तहत एक पाटनरोधी जांच की शुरूआत करते हैं।

प्रक्रिया

3. निम्नलिखित वर्णित प्रक्रिया का अनुपालन किया है :

(i) प्राधिकारी ने नियमावली के उप-नियम 5(5) के अनुसार जांच की कार्रवाई प्रारंभ करने से पहले आवेदनपत्र की प्राप्ति के संदर्भ में संबद्ध देशों के भारत स्थित राजदूतावासों को सूचना प्रेषित की।

(ii) प्राधिकारी ने संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच प्रारंभ करने से पहले भारत के राजपत्र, असाधारण में दिनांक 09 मई, 2014 को प्रकाशित एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया।

(iii) प्राधिकारी ने सभी ज्ञात निर्यातकों (जिनके विवरण आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे) और उद्योग एसोसिएशनों को इस सार्वजनिक नोटिस की प्रति अग्रेषित कर दी और नियमावली के नियम 6(2) के अनुसार उन्हें अपने विचार लिखित रूप में प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया।

(iv) प्राधिकारी ने इस सार्वजनिक नोटिस की एक प्रति भारत में इस संबद्ध वस्तु के सभी ज्ञात आयातकों को भी प्रेषित की और उन्हें सुझाव दिया कि वे इस जांच की शुरूआत के पत्राचार की तारीख से चालीस दिनों के अंदर अपने विचारों से लिखित रूप में अवगत कराएं।

(v) प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार भारत में संबद्ध देशों के राजदूतावासों और ज्ञात निर्यातकों को आवेदनपत्र के अगोपनीय पाठ की एक प्रति प्रदान कराई। इस आवेदनपत्र की एक प्रति, अनुरोध किए जाने पर, अन्य हितबद्ध पक्षकारों को भी प्रदान कराई गई।

(vi) प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संबद्ध देशों के निम्नलिखित ज्ञात निर्यातकों (जिनके नाम और पते प्राधिकारी के आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे), को संगत सूचना प्रदान करने के लिए प्रश्नावली प्रेषित की गई :

गजप्राम नेफ्टेखिम सालवट 30, मोलोडोग्वारडीट्सेव स्ट्रीट सालवट, 453256, रूस	जे एससी यूराल कैमिकल कंपनी, सेवरनोये शोसे, 21 निझनिज टागिल-622012, स्वेर्डलव्स्क, रूस
वेस्ट साइबेरिया स्टील हाइवे स्पेस,16 नोवोकुज्नेट्स्क, किम्रोवो क्षेत्र, रूस-654043	अंगररूा पेट्रोकैमिकल्स, अंगरस्क 665830, इर्कुटस्क क्षेत्र, रूस
पालिमर पैक कंपनी, पीओबी 7167, ओम्स्क, रूस-644081	उरालिखम्प्रेम पोड्लेस्नाया स्ट्रीट संख्या 43, पेर्म-614097, रूस
जेएफई कैमिकल कारपोरेशन, मुख्यालय, 4 एफ, जेएफई कुरामे बिल्डिंग, 2-17-4 कुरामे, टाइटोस्कू, टोक्यो-111-0051, जापान	सी-केम कंपनी, लिमिटेड, आकिहाबरा यूडीएक्स 13एफ, 4-14-1 सोटोकनाडा, चियोडा-कू, टोक्यो, जापान
निप्पन शोकुबाई ओसाका ऑफिस कोगिन बिल्डिंग, 4-1-1, कोराइबासी, चुओ-कू, ओसाका 541-0054, जापान	न्यू जापान कैमिकल कंपनी लिमिटेड, ओसाका मुख्यालय, बिंगोमाची, नोमुरा बिल्डिंग, 2-1-8, चुओ-कू, ओसाका 541-0051, जापान

(vii) इस जांच शुरूआत अधिसूचना के अनुसार संबद्ध देशों के निम्नलिखित निर्यातकों/उत्पादकों ने प्रत्युत्तर दिया।

क. रोस्प्लास्ट ओओओ एलएलसी, रूस

ख. ओजेएससी कामटेक्स हिम्प्रोम, रूस

ग. मिलमैन लिमिटैड, यूके

(viii) भारत गणराज्य में रूसी परिसंघ के व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने विधिक प्रस्तुतिकरण किया।

(ix) भारत में इस संबद्ध वस्तु के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रायेक्ताओं और प्रयोक्ता एसोसिएशनों (जिनके नाम ओर पते आवेदक द्वारा प्राधिकारी को उपलब्ध कराए गए थे) को आवश्यक सूचना मांगते हुए पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार प्रश्नावलियां प्रेषित की गईं :

केएलजे प्लास्टीसाइजर्स लिमिटेड केएलजे हाउस, 63, रामा मार्ग, नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली	माज्दा कलार्स लिमिटेड, एनकेएम इंटरनेशनली, 178, बैकेब रिक्लेमेशन्स, महाराष्ट्र
पीसीके ऑयल एवं साल्वेंट लिमिटेड, एम-105, द्वितीय तल कनाट प्लेस, नई दिल्ली	लोना इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड आल्टा भवन, 532 सेनापति बापट मार्ग, दादर, मुंबई, महाराष्ट्र
सिल्वासा प्लास्ट, केएलजे हाउस, 63, रामा मार्ग, नजफगढ़, नई दिल्ली	आरती इंडस्ट्रीज लिमिटेड, उद्योग क्षेत्र, द्वितीय तल, मुलुंड गोरेगांव लिंक रोड, मुलुंड (पश्चिम), मुंबई, महाराष्ट्र
मेकामो इंडस्ट्रीज, 170/6, शिव स्मृति, 27वां मार्ग, सायन पश्चिम मुंबई, महाराष्ट्र	रचना स्लास्टी साइजर्स, प्लाट नम्बर 116 एवं 117 पिपरिया इंडस्ट्रियल एस्टेट दादरा एवं नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र सिल्वासा
माइक्रोइक्स लिमिटेड, 512/513, मिडास, 5वां तल, शहरप्लाजा काम्प्लेक्स, जेबी नगर, एम वी आर डी, अंधेरी (पूर्व) मुंबई, महाराष्ट्र	थैलो कलर्स एंड कैमिकल्स (इंडिया) लिमिटेड नानावटी महालय, 18, होमी मोदी स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई, महाराष्ट्र
हयूबाच कलर प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट सं. 9002-9010, जीआईडीसी एस्टेट, अंकलेश्वर	रामणिक लाल एस गोसला एंड कंपनी, नेशनल हाउस, 608, बी जे मार्ग, जैकब सर्कल, मुंबई, महाराष्ट्र
सनमान ट्रेड इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड 1410, मेकर चैम्बर 5, नरीमन प्वाइंट मुंबई, महाराष्ट्र	पेट्रोकेम मिडिल ईस्ट (इंडिया) प्राइवेट, 20, बिजनेस स्क्वेयर, बी.विंग अंधरी कुर्ला रोड, मुंबई, महाराष्ट्र
एवन केम ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड, 302, शांति हाउस, निकट मधुसूदन हाउस, नवरनपुरा टेलीफोन एक्सचेंज, आफिस सी जी रोड, अहमदाबाद	एमजे कैमिकल्स, 5-1, ओल्ड नागरदास रोड, आदिनाथ टावर अंधेरी (पूर्व) मुंबई, महाराष्ट्र
संजय कैमिकल्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, 507, मातृ छाया, 378/380 नरसिंह नाथ स्ट्रीट, मुंबई, महाराष्ट्र	हैजल मर्केन्टाइल लिमिटेड, 181, अशोका शापिंग सेंटर, द्वितीय तल, जी टी हास्पिटल काम्प्लेस, मुंबई, महाराष्ट्र
इंडियन प्लास्टिसाइजर्स मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन, केलएजे हाउस, 63, रामा मार्ग (नजफगढ़ रोड), नई दिल्ली- 110015	इंडियन प्लास्टिक्स फेडरेशन, 18बी, रायक स्ट्रीट प्रथम तल, कोलकाता
इंडियन पेंट एसोसिएशन द्वारा डेस्को पेट्स कांफ्रेंस, 75, शेक्सपीयर सरणी कोलकाता	कैमिकल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, एस्टे प्रोफेशनल सेंटर गांधी मंडयम रोड, गिंडी, चेन्नई
इंडियन कैमिकल काउंसिल सर बिट्ठलदास चैम्बर, छठा तल, 16, मुंबई समाचार मार्ग, मुंबई-400001	

(x) इस जांच अधिसूचना के प्रत्युत्तर में निम्नलिखित आयातकों ने प्रश्नावली प्रत्युत्तर फाइल किया। इसके अतिरिक्त, इंडियन प्लास्टीसाइजर्स मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन ने याचिका पर अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत की।

क. केएलजे प्लास्टीसाइजर्स लिमिटेड

ख. पायल पालीप्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड

ग. रचना प्लास्टीसाइजर्स

(xi) इस जांच शुरूआत अधिसूचना की एक प्रति निम्नलिखित भारतीय उत्पादकों को भी भेजी गई थी :

क. एसआई ग्रुप इंडिया लिमिटेड, थाणे-वेलापुर रोड, जूइनगर रेलवे स्टेशन के सामने,

ख. नवी मुंबई-400705, महाराष्ट्र

ग. एशियन पेंट्स इंडिया लिमिटेड, एशियन पेंट्स हाउस, 6ए, शांति नगर, शांताक्रूज (पूर्व) मुंबई

(xii) याचिकाकर्ताओं की इस याचिका का समर्थन करते हुए मैसूर पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड ने एक पत्र प्रस्तुत किया है। संदीप आर्गनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई, एक आयातक ने विधिक प्रस्तुतिकरण दायर किया है।

(xiii) नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार प्राधिकारी ने दिनांक 15 जनवरी, 2015 को आयोजित एक सार्वजनिक सुनवाई में अपने विचार मौखिक रूप में प्रस्तुत करने का अवसर सभी हितबद्ध पक्षकारों को दिया। घरेलू उद्योग और विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों, जिन्होंने इस मौखिक सुनवाई में अपने विचार व्यक्त किए थे, उनसे यह अनुरोध किया गया था कि वे मौखिम रूप में अभिव्यक्त अपने विचारों का लिखित प्रस्तुतिकरण भी करें। तथापि, इस मौखिक सुनवाई के पश्चात, निर्दिष्ट प्राधिकारी के पदधारी में परिवर्तन होने के कारण दिनांक 21 अगस्त, 2015 को एक अन्य मौखिक सुनवाई का आयोजन किया गया। इस नई सार्वजनिक सुनवाई का आयोजन माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा आटोमोटिव टायर मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन (एटीएमए) बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी के मामले में दिनांक 07.01.2011 की वर्ष 2006 की सिविल अपील संख्या 949 में डिवीजन बेंच द्वारा दिए गए निर्णय के अनुरूप नए निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा नवीन सार्वजनिक सुनवाई का आयोजन किया जाए। इस नई सार्वजनिक सुनवाई में घरेलू उद्योग और विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों द्वारा पुन: भाग लिया गया जिन्होंने मौखिक रूप में व्यक्त अपने विचारों का लिखित प्रस्तुतिकरण दायर किया।

(xiv) इस जांच की कार्रवाई के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा वर्तमान जांच में संगत माने गए एवं तर्कों और प्रदान कराई गई सूचना/साक्ष्यों पर प्राधिकारी द्वारा समुचित रूप से विचार किया गया है।

(xv) प्राधिकारी ने जांच की कार्रवाई के दौरान उनकों प्रदान की गई सूचना की यथार्थता से स्वयं को संतुष्ट किया। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और प्रतिवादी निर्यातकों को परिसरों का संगत एवं आवश्यक समझी गई तक स्थल सत्यापन किया।

(xvi) प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य का अगोपनीय पाठ नियम 6(7) के अनुसार हितबद्ध पक्षकारों द्वारा खुली रखी गई सार्वजनिक फाइल में उपलब्ध कराया। सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए संगत प्रस्तुतिकरणों का अंतिम जांच-परिणाम में ध्यान में रखा गया है।

(xvii) प्राधिकारी ने इस संबद्ध वस्तु की भारत में उत्पादन लागत और गैर-क्षतिकारी कीमत का निर्धारण करने के लिए घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना की अनुबंध-III में निर्धारित दिशानिर्देशों के आधार पर यथासंभव सीमा तक जांच की है ताकि यह सुनिश्चयन किया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से न्यूनतर पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग की क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा।

(xviii) यह जांच जनवरी, 2013 से प्रारंभ करके दिसम्बर, 2013 तक की जांच की अवधि (पीओआई) के लिए किया गया। तथापि, क्षति विश्लेषण के संदर्भ में प्रवृत्तियों की जांच में वर्ष 2010-11, 2012-13 और जांच की अवधि को भी शामिल किया गया है।

(xix) जहां कही किसी हितबद्ध पक्षकार ने सूचना तक पहुंच की मनाही की है या वर्तमान जांच की कार्रवाई के दौरान आवश्यक सूचना उपलब्ध नहीं कराई है या जांच में पर्याप्त अवरोध उत्पन्न किया है वहां प्राधिकारी ने "उपलब्ध तथ्यों" के आधार पर अपने विचार रिकार्ड किए।

(xx) इस जांच के अनिवार्य तथ्यों युक्त एक प्रकटन विवरण, जो इस अंतिम जांच-परिणाम का आधार होगा, दिनांक 20.10.2015 को सभी हितबद्ध पक्षकारों को जारी किया गया। घरेलू उद्योग एवं विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त प्रकटन पश्चात विवरण प्रस्तुतिकरणों पर इस अंतिम जांच परिणाम में आवश्यक समझी गई सीमा तक विचार किया गया है।

(xxi) केंद्रीय सरकार ने प्राधिकारी के अनुरोध पर इस जांच को पूरा करने की समय-सीमा 08.11.2015 तक बढ़ा दी है।

(xxii) हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान कराई गई सूचना की गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई है। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने, जहां कहीं अधिपत्रित हुआ, गोपनीयता प्रदान कर दी और उक्त सूचना को गोपनीय के रूप में माना गया तथा उसका प्रकटन नहीं किया गया।

(xxiii) इस अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना में *** हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना का प्रतिनिधित्व कर रहा है और प्राधिकारी ने नियमों के अंतर्गत उसे गोपनीय ही माना है।

(xxiv) इस जांच अवधि के लिए अपनाई गई विनिमय दर 1 यूएस डालर = 58.95 रुपए है।

विचाराधीन उत्पाद एवं समान वस्तु

4. थैलिक एन्हाइड्राइड सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के सीमाशुल्क उप-शीर्षक संख्या 29173500 के अंतर्गत वर्गीकृत एक कार्बनिक रसायन है। तथापि, यह वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और यह किसी भी रूप में वर्तमान जांच के दायरे के अंतर्गत बाध्यकारी नहीं है।

निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

5. विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया कि 'प्योरीफाइड टैरेफ्थैलिक एसिड' ("पीटीए") थैलिक एन्हाइड्राइड का एक व्यवहार्य प्रतिस्थानी है। भारत में पीटीए की मांग में वृद्धि हो गई है। इसके परिणामस्वरूप थैलिक एन्हाइड्राइड की मांग में कमी आ गई जिसे कतिपय अनुप्रयोगों में पीटीए द्वारा सीधे प्रतिस्थापित किया जा सकता है।

घरेलू उद्योग के लिए

6. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद के मुद्दे के संबंध में निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए हैं :

(i). थैलिक एन्हाइड्राइड का प्रयोग थैलेट ईस्टर्न का उत्पादन करने के लिए किया जाता है, जो प्लास्टीसाइजर्स के रूप में कार्य करता है। यह प्लास्टिक उद्योग में प्रयोग किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण रसायन मध्यवर्ती है। थैलिक एन्हाइड्राइड को सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अंतर्गत सीमाशुल्क उपशीर्षक संख्या 2917 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है।

(ii). संबद्ध देशों से निर्यातित और भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु में कोई ज्ञात अंतर नहीं है। याचिकाकर्ताओं द्वारा उत्पादित और संबद्ध देशों से आयातित संबद्ध वस्तु भौतिक एवं तकनीकी गुणधर्मों, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, प्रकार्यों एवं प्रयोगों उत्पाद विनिर्देशनों, कीमत निर्धारण, वितरण एवं विपणन और वस्तु के प्रशुल्क वर्गीकरण के रूप में तुलनीय है। दोनों ही उत्पाद तकनीकी एवं वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय है। उपभोक्तागण इन दोनों वस्तुओं का प्रयोग अंतनिर्मेय रूप से कर रहे हैं ।

(iii). जहां तक इस तर्क का संबंध है कि प्योरीफाइड टैरेफ्थैलिक एसिड का प्रयोग पीएएन (विचाराधीन उत्पाद) के प्रत्यक्ष प्रतिस्थानी के रूप में किया जा रहा है, यह उल्लेख किया जाता है कि विगत में आयोजित की गई जांचों में से किसी भी जांच में यह सिद्ध नहीं हुआ कि पीटीए और पीएएन का प्रयोग एक दूसरे के प्रतिस्थानी के रूप में किया जाता है। पीटीए और पीएएन की आयात कीमतों में व्यापक अंतर है। प्रतिवादी पक्षकार स्वयं भी पीटीए का प्रयोग प्लास्टीसाइजर्स अथवा किसी अन्य ऐसे उत्पाद का उत्पादन करने के लिए नहीं करते हैं जिसके लिए पीएएन की आवश्यकता हो।

प्राधिकारी द्वारा जांच

7. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद "थैलिक एन्हाइड्राइड" है। थैलिक एन्हाइड्राइड, जिसे पीएएन अथवा पीए के नाम से भी जाना जाता है, थैलिक एसिड का एक एन्हाइड्राइड है और आर्थो-आक्जिलीन अथवा नेफ्थालीन का कैटालिटिक आक्सीकरण करके इसका वाणिज्यिक रूप से उत्पादन किया जाता है। यह एक रंगहीन ठोस होता है, जिससे थैलिक एन्हाइड्राइड फ्लेक्स थैलिक एन्हाइड्राइड (98 प्रतिशत न्यूनतम), थैलिक एसिड एन्हाइड्रास, थैलिक एन्हाइड्राइड (99.8 प्रतिशत न्यूनतम) आदि के रूप में जाना जाता है। इस उत्पाद का उत्पादन केवल एक ग्रेड में किया जाता है। जहां तक इसके विभिन्न अनुप्रयोगों का संबंध है, इसके विभेदकरणीय विभिन्न प्रकार के प्रभेद नहीं होते हैं। इसका प्रयोग मुख्यत: थैलेट ईस्टर्स का उत्पादन करने के लिए किया जाता है, जो प्लास्टीसाइजर्स के रूप में कार्य करता है। यह प्लास्टिक उद्योग में प्रयोग किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण रसायन मध्यवर्ती होता है। इसका प्रयोग पेंट और लैकर्स में प्रयोग किए जाने वाले पालियस्टर रेजिन्स और अल्काइड रेजिन्स अनसैचुरेटेड पालियस्टर रेजिन्स, पालियेस्टर पालियोल्स, रंजक एवं पिगमेंट्स है लोजिनेटेड एन्हाइड्राइड्स पालीईथराइमाइड रेजिन्स, आईसैटोनिक एन्हाइड्राइड, कीट प्रतिरोधियों आदि का उत्पादन करने के लिए किया जाता है।

8. थैलिक एन्हाइड्राइड एक आर्गनिक रसायन होता है जिसे सीमा शुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अंतर्गत सीमाशुल्क उपशीर्षक संख्या 19173500 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। तथापि, यह वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और यह वर्तमान जांच के दायरे पर किसी भी रूप में बाध्यकारी नहीं है।

9. वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी यह मानते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद और संबद्ध देशों से आयातित उत्पाद आवश्यक उत्पाद गुणधर्मों जैसे भौतिक एवं तकनीकी गुणधर्मों, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, प्रकार्यों एवं प्रयोगों उत्पाद विनिर्देशनों, कीमत निर्धारण, वितरण एवं विपणन और वस्तु के प्रशुल्क वर्गीकरण के रूप में तुलनीय है। दोनों ही उत्पाद तकनीकी एवं वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय है। उपभोक्तागण इन दोनों वस्तुओं का प्रयोग अंतनिर्मेय रूप से कर रहे है। प्राधिकारी घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु को संबद्ध देशों से आयात की जा रही संबद्ध वस्तु के "समान वस्तु" मानते हैं ।

10. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि प्योरीफाइड टैरेफ्थैलिक एसिड थैलिक एन्हाइड्राइड का एक प्रतिस्थानी है, यह नोट किया जाता है किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने यह स्पष्ट करने के लिए कोई सूचना प्रस्तुत नहीं की है कि उपभोक्तागण इन दोनों वस्तुओं का प्रयोग अंतनिर्मेय रूप से कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी द्वारा प्योरीफाइड टैरेफ्थैलिक एसिड और थैलिक एन्हाइड्राइड के संबंध में आयोजित की गई विगत की जांचों में यह सिद्ध नहीं हुआ कि यह दोनों उत्पाद एक दूसरे के प्रतिस्थानी हैं।

घरेलू उद्योग का दायरा एवं आधार

निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

11. घरेलू उद्योग (डीआई) के दायरे एवं उसके आधार के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए हैं :

(i) सभी घरेलू उत्पादकों के पृथक उत्पादन के संबंध में सूचना का प्रकटन नहीं किया गया है। याचिकाकर्ताओं ने स्वत: ही यह दावा किया है कि मैसर्स एशियन पेंट्स और मैसर्स एसआई ग्रुप वर्तमान जांच के लिए संगत नहीं हैं और उन्होंने उसकी उत्पादन की मात्रा प्रदान नहीं कराई है। यह निष्कर्ष निकालने का कोई आधार अथवा साक्ष्य नहीं है कि याचिकाकर्ताओं का उत्पादन कुल घरेलू उत्पादन का एक बहुत बड़ा हिस्सा बनता है क्योंकि कुल उत्पादन के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं दिया गया है।

(ii) मैसर्स आईजी पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड और थिरूमलाई कैमिकल्स लिमिटेड ने स्वीकृत रूप से इस संबद्ध वस्तु का आयात दिनांक 29 अप्रैल, 2011 की जांच शुरूआत अधिसूचना संख्या 14/1/2011-डीजीएडी के अनुसार कोरिया आरपी से किया है। याचिकाकर्ता उसका प्रकटन करने से स्पष्ट रूप से असफल रहे हैं और उन्होंने तथ्यों को भ्रामक रूप से एवं तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया है और याचिकाकर्ताओं की सत्य स्थिति को छुपाने का प्रयास किया है।

(iii) मैसर्स एशियन पेन्ट्स लिमिटेड एक बड़ा घरेलू उत्पादक है और उसकी इस संबद्ध वस्तु की बिक्री भी बहुत बड़ी मात्रा में होती है। इसलिए याचिकाकर्ताओं का यह दावा कि मैसर्स एशियन पेंट्स प्राथमिकता एक "ग्राही उत्पादक" है, सकल तौर पर भ्रामक एवं गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया है और उक्त उत्पादक को "घरेलू उद्योग के दायरे से एक-पक्षीय रूप से पृथक नहीं किया जा सकता है।

घरेलू उद्योग के विचार

12. घरेलू उद्योग के दायरे एवं उसके आधार के संबंध में घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए हैं :

(i) यह याचिका आईजी पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड और थिरूमलाई कैमिकल्स लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से दायर की गई है। इस दोनों याचिकाकर्ताओं का सामूहिक आउटपुट भारत में थैलिक एन्हाइड्राइड के कुल उत्पाद के 50 प्रतिशत से अधिक का उत्पादन बनता है। इसलिए याचिकाकर्ता नियमावली के आशय के अंतर्गत घरेलू उद्योग बनते हैं।

(ii) याचिकाकर्ताओं ने संबद्ध देशों से इस विचाराधीन उतपाद का आयात नहीं किया है। याचिकाकर्ताओं का इस कथित वस्तु के आयातकों अथवा निर्यातकों से कोई संबंध नहीं है।

(iii) जहां तक इस बात का संबंध है कि याचिकाकर्ता कंपनियों में से किसी ने भी अपने वास्तविक उत्पादन आंकड़ों का अप्रकटन किया है, घरेलू उद्योग में शामिल प्रत्येक कंपनी द्वारा कुल उत्पाद के वास्तविक आंकड़ों को प्रदान करना अपेक्षित नहीं होता है। केवल यह सिद्ध करना होता है कि कुल भारतीय उत्पादन में याचिकाकर्ताओं के उत्पादन का अनुपात कितना है। याचिकाकर्ता इस प्रतिमान को पूरा करते हैं क्योंकि उनका उत्पादन कुल भारतीय उत्पादन के 50 प्रतिशत से अधिक बनता है।

(iv) जहां तक एसआई ग्रुप और एशियन पेंट्स के उत्पादन का संबंध है, संगत आंकड़े प्रदान कर दिए गए हैं और यहां तक कि इस विचाराधीन उत्पाद के एक उपभोक्ता ने भी वर्तमान याचिका का विरोध नहीं किया है।

(v) इस दावे के संबंध में कि याचिकाकर्ता कंपनियों ने इस विचाराधीन उत्पाद का कोरिया आरपी से आयात किया है; यह प्रस्तुत किया जाता है कि इस विचाराधीन उत्पाद का आयात निर्यात करने वाले का घरेलू उद्योग से अपवर्जन केवल तभी किया जा सकता है कि जब "संबद्ध देश" से कथित आयात/निर्यात किया गया हो। जांच की अवधि के दौरान और उससे पहले भी कोई आयात ही नहीं। याचिकाकर्ता ने इस विचाराधीन उत्पाद का कोरिया आरपी से आयात हुआ, यह तथ्य आईपीएमए को एक सुज्ञात तथ्य है।

(vi) एशियन पेंट को प्राथमिकता उपभोक्ता होने के कारण अपवर्जित किया गया है और यह याचिका उसके हित के विपरीत है। याचिकाकर्ताओं ने आधार का निर्धारण करने के लिए एशियन पेंट्स के उत्पादन का अपवर्जन नहीं किया है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

13. प्राधिकारी ने इस मुद्दे की जांच निम्नवत की है :

(i) यह याचिका मैसर्स आईजी पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड और मैसर्स थिरूमलाई कैमिकल्स लिमिटेड द्वारा दायर की गई है । याचिकाकर्ताओं ने यह दावा किया है कि उन्होंने इस संबद्ध वस्तु का संबद्ध देशों से न तो आयात किया है और न ही उनका संबद्ध देशों में इस उत्पाद के आयात को अथवा निर्यातकों से कोई संबंध है; यह कि इस संबद्ध वस्तु के भारत में तीन अन्य उत्पादक भी हैं अर्थात मैसूर पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड, एसआई ग्रुप इंडिया लिमिटेड और एशियन पेंट्स इंडिया लिमिटेड,

परंतु एशिया पेंट्स इस उत्पाद का उत्पादन प्राथमिकता अपने ग्राही उपभोग के लिए करता है; यह कि रिकार्ड में उपलब्ध सूचना के अनुसार मैसूर पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड ने उनकी याचिका का समर्थन किया है; यह कि जांच की अवधि के दौरान याचिकाकर्ता कंपनियों का उत्पादन कुल भारतीय उत्पाद के 87 प्रतिशत से अधिक का उत्पादन बनता है, और यह कि, इसलिए यह याचिका आधार को पूरा करती है और याचिकाकर्ता कंपनियां नियमावली के अभिप्राय के अंतर्गत घरेलू उद्योग ठहरते हैं। प्राधिकारी ने इस संबंध में याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए उपर्युक्त तथ्यों और साक्ष्य की जांच करने के पश्चात यह निर्धारित किया है कि याचिकाकर्ता पाटनरोधी नियमावली के नियम 2 के आशय के अंतर्गत घरेलू उद्योग हैं और यह याचिका पूर्वोक्त नियमावली के नियम 5 में उल्लिखित शर्तों के अनुसार आधार के प्रतिमान को पूरा करती है।

(ii) जहां तक अन्य भारतीय उत्पादकों के उत्पादन का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि मैसर्स मैसूर पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड और मैसर्स एसआई ग्रुप के उत्पादन आंकड़े याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रदान कराए गए आंकड़ों के अनुरूप वास्तविक आधार पर लिए गए हैं और मैसर्स एशियन पेंट्स के उत्पादन के आंकड़े सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के आधार पर लिए गए हैं क्योंकि उसके उत्पादन के संबंध में कंपनी द्वारा अथवा विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई सूचना प्रदान नहीं की गई है।

विवरण	उत्पादन एमटी				हिस्सा (%)			
	2010-11	2011-12	2012-13	जांच की अवधि	2010-11	2011-12	2012-13	जांच की अवधि
याचिकाकर्ता	2,07,810	2,08,480	2,13,684	2,11,033	83%	84%	83%	86%
-आईजी पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड	***	***	***	***	***	***	***	***
-थिरूमलाई कैमिकल्स लिमिटेड	***	***	***	***	***	***	***	***
मैसूर पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड	***	***	***	***	***	***	***	***
अन्य भारतीय उत्पादकों के उत्पादन	33,815	32,720	32,412	32,035	13%	13%	13%	13%
- एसआई ग्रुप	***	***	***	***	***	***	***	***
- एशियन पेंट्स	***	***	***	***	***	***	***	***
कुल	2,51,077	2,47,698	2,57,635	2,46,370	100%	100%	100%	100%

(iii) जहां तक इस तर्क का संबंध है कि मैसर्स एशियन पेंट्स इस उत्पाद का एक प्रमुख उत्पादक है, यह नोट किया जाता है कि किसी भी विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकार ने इस संबंध में कोई विश्वसनीय सूचना उपलब्ध नहीं कराई है कि मैसर्स एशियन पेंट्स का उत्पादन बहुत अधिक होता है। वास्तव में, प्राधिकारी ने जांच शुरूआत अधिसूचना का प्रेषण इस कंपनी को किया था और सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया था, परंतु कंपनी ने कोई प्रत्युत्तर नहीं दिया। इस कंपनी ने वर्तमान याचिका का विरोध भी नहीं किया है। किसी भी घरेलू उत्पादक ने दायर की गई इस याचिका का विरोध नहीं किया है और याचिकाकर्ताओं का उत्पादन कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा अनुपात बनता है।

(iv) यह नोट किया जाता है कि याचिकाकर्ता कंपनियों ने इस कथित संबद्ध वस्तु का आयात (संबद्ध देशों) रूस अथवा जापान से नहीं किया है। इसलिए याचिकाकर्ता कंपनियां वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ पात्र घरेलू उद्योग है।

विविध मुद्दे

निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

14. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए हैं :

(i) याचिकाकर्ता इस विचाराधीन उत्पाद पर और उनके द्वारा विनिर्मित अन्य उत्पादों पर ऐतिहासिक और स्वाभाविक रूप से वर्ष 1999 से ही केवल व्यापार उपचारी संरक्षण की मांग कर रहे हैं, जिससे कि प्रतिस्पर्धी कीमतों पर आयात को अनुचित रूप से प्रतिबंधित किया जा सके और अपनी अक्षमता को छुपाने के लिए व्यापार उपचारी संरक्षण उपायों पर भरोसा करने के लिए बढ़-चढ़कर अभ्यस्त हो गए हैं। प्राधिकारी को चाहिए कि वह याचिकाकर्ताओं कोई भी राहत प्रदान करने से बचें और वर्तमान जांच को खारिज कर दें।

(ii) ऐसा प्रतीत होता है कि याचिका में अप्रैल, 2013 को दिसम्बर, 2013 तक की अवधि के लिए आयातों के साक्ष्य चुनिंदा रूप से केवल रूस और जापान से किए गए आयातों के संबंध में ही प्रदान कराए गए हैं और जनवरी, 2013 से मार्च, 2013 तक की अवधि के लिए किए गए आयातों के संबंध में कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य प्रदान नहीं कराया गया है।

(iii) अत्यधिक गोपनीयता : याचिकाकर्ताओं ने, याचिकाकर्ताओं की अलग-अलग संस्थापित क्षमता, लागत निर्धारण सूचना और उसको तो कम से कम अनुक्रमित किया जाना चाहिए था; सामान्य मूल्य की संरचना करने के लिए प्रयोग किए गए अनुक्रमित लागत निर्धारण आंकड़ों के ब्यौरे के लिए अपनाई गई क्रियापद्धति; निर्यात कीमत समायोजन की क्रियापद्धति एवं साक्ष्य; याचिकाकर्ताओं समर्थनकर्ता तथा अन्य घरेलू उत्पादकों की वास्तविक अलग-अलग उत्पादन क्षमता और याचिकाकर्ताओं द्वारा किए गए निर्यातकों का मूल्य जैसी सूचना का प्रकटन नहीं किया है।

(iv) सामान्य मूल्य का निर्धारण करने में प्रयुक्त ओएक्स की कीमतों के संबंध में गोपनीयता का दावा करने के संबंध में कोई कारण नहीं दिया है।

(v) आवेदक लागत निर्धारण आंकड़ों का अनुक्रमितीकरण अथवा सार्थक सारांश प्रदान कराने में असफल रहे हैं।

(vi) रूसी परिसंघ को विस्तृत उत्तर प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया है।

घरेलू उद्योग के विचार

15. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए हैं :

(i) विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों ने अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है। व्यावहारिक रूप से सभी सूचनाओं के लिए गोपनीय के रूप में दावा किया है।

(ii) विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों ने उन अनिवार्य दस्तावेजों जैसे उत्पाद विनिर्देशन का दावा गोपनीय के रूप में किया है जो उपभोक्ता को प्रदान कराए जाने चाहिए।

(iii) आयातकों और निर्यातकों ने कई ऐसे स्थानों पर विभिन्न परिशिष्टों के बजाय खाली पृष्ठ प्रदान कराए हैं जहां उन्होंने गोपनीयता का दावा किया है।

(iv) याचिकाकर्ताओं ने ओएक्स की कीमतों का प्रकटन इस कारण से नहीं किया है कि चूंकि याचिकाकर्ताओं ने सीएनवी का प्रकटन किया है, इसलिए विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों के लिए घरेलू उद्योग की संपरिवर्तन लागत का निर्धारण करना आसान हो जाएगा, जो व्यवसाय के लिए अत्यधिक संवेदनशील सूचना है और जिसे सारांश रूप में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है।

(v) इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग वर्ष 1999 से अनुचित संरक्षण का लाभ उठा रहा है, यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग को समय-समय पर इस विचाराधीन उत्पाद के लिए संरक्षण हेतु बार-बार मांग करने के लिए विवश होना पड़ा क्योंकि घरेलू बाजार में पाटित आयातों की निरंतर मौजूदगी बनी रही और प्राधिकारी ने इस मामलों में समुचित जांच का आयोजन किया है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

16. गोपनीयता के संबंध में घरेलू उद्योग और विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए और प्राधिकारी द्वारा संगत माने गए प्रस्तुतिकरणों की जांच और उनका समाधान निम्नवत किया है :

(i) हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान कराई गई सूचना की गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई है। संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने, जहां कहीं अधिपत्रित हुआ, गोपनीयता के दावे को स्वीकार कर लिया और ऐसी सूचना को गोपनीय के रूप में माना गया तथा उसका अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकटन नहीं किया गया। जहां कहीं संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान कराने वाले पक्षकारों को यह निदेश दिया गया कि वे गोपनीय आधार पर प्रदान कराई गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय पाठ भी प्रस्तुत करें। प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए

साक्ष्यों का अगोपनीय पाठ सार्वजनिक फाइल के रूप में रखी गई फाइल में उपलब्ध कराया। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि कोई सूचना जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है उसे अगोपनीय सूचना नहीं माना जाएगा।

(ii) इस तर्क के संबंध में कि याचिकाकर्ता अपनी अक्षमताओं को छिपाने के लिए व्यापार उपचारी उपायों का आश्रय ले रहे हैं, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी साधनों की सिफारिश का मार्गदर्शन विधि में निर्धारित पैरामीटरों द्वारा किया जाता है और इन पैरामीटरों का पूरा होने पर ही पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश की जाती है। केवल आवेदनपत्र को दायर कर देने मात्र से ही पाटनरोधी शुल्क का उदग्रहण करने की सिफारिश नहीं कर दी जाती है।

(iii) जहां तक इस तर्क का संबंध है कि विस्तृत प्रत्युत्तर दायर करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी करार अथवा भारतीय नियमावली में सम्प्रेषण समस्या और भाषा के मुद्दे अथवा अंतर्ग्रस्त दूरी के कारण अतिरिक्त समय देने का प्रावधान नहीं किया गया है। फिर भी, जांच शुरूआत की अधिसूचना और याचिका की प्रति अग्रिम रूप से समय रहते भेजी गई थी।

पाटन का आकलन – क्रियापद्धति और पैरामीटर

निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

17. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण करने के संबंध में विरोधकर्ता पक्षकारों ने निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए है :

(i) उत्पादन लागत की यथार्थ संरचना करने के उद्देश्य से एक एमटी आर्थोजायलीन की कीमत की तुलना 1.13 एमटी पीएएन की कीमत से करनी चाहिए।

(ii) संबद्ध वस्तु का उत्पादन करने के लिए एक्जोथर्मिक अनुक्रिया के दौरान उत्पादित बेशी वाष्प/ऊर्जा का या तो विपणन किया जाता है अथवा उसका अन्य उत्पादों के लिए प्रयोग किया जाता है।

(iii) प्रत्येक संबद्ध देश में विद्युत की कीमतें तथा अन्य कारक, जो संपरिवर्तन लागत का निर्धारण करते हैं, उस संबद्ध देश में उपगत हुई हैं।

(iv) सामान्य मूल्य के निर्धारण का विधिक रूप से अननुज्ञेय तरीका अपनाया गया जिसके कारण त्रुटिपूर्ण पाटन मार्जिन का निर्धारण हुआ :

i. सामान्य मूल्य रूस और जापान में समान वस्तु की कीमतों पर आधारित होना चाहिए था। आवेदकों ने इस आशय का कोई स्पष्टीकरण प्रदान नहीं किया है कि इस क्यों अपनाया गया।

ii. आवेदनकर्ताओं ने रूस में आक्सीलीन की कीमतों का निर्धारण भारत में कच्चे माल की औसत आयात कीमतों के आधार पर और जापान के लिए जापान से संपूर्ण विश्व को कच्चे माल की निर्यात कीमत के आधार पर किया है। सामान्य मूल्य, संबद्ध देशों में कच्चे माल की कीमतों और संबद्ध देशों में संपरिवर्तन लागत पर विचार करते हुए संबद्ध देशों में उत्पादन लागत पर आधारित होना चाहिए। रूस और जापान के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण करने में प्रयुकत अधिगम में अंतर के लिए किसी तरह का स्पष्टीकरण प्रदान नहीं किया गया है।

iii. कच्चे माल की आयात कीमतों पर आधारित सामान्य मूल्य रूस में सामान्य मूल्य से उच्चतर होने की संभावना है क्योंकि रूस के उत्पादकों द्वारा कच्चा माल स्थानीय स्रोत से प्राप्त किया जा सकता है और उसके भारत में आयातित कच्चे माल की तुलना में सस्ता होने की संभावना है

iv. आवेदनकर्ताओं ने सामान्य मूल्य की संरचना संबद्ध देशों के लिए आंकड़ों के आधार कतिपय संघटकों का प्रयोग करते हुए किया है जबकि अन्यों का निर्धारण भारत के आंकड़ों के आधार पर किया है।

(v) आवेदकों ने यह सिद्ध करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि रूस में आर्थोजाइलीन की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय कीमतों की तुलना में कम है।

(vi) आवेदकों ने किसी शासकीय नियम अथवा विनियम का संदर्भ प्रदान नहीं कराया है जो उनके इस दावे का समर्थन करता हो कि रूस में आर्थोजाइलीन पर निर्यात कर का उदग्रहण किया जाता है।

(vii) सामान्य मूल्य के किए गए तीन संगणनाओं में आवेदकों ने रूस से आर्थोजाइलीन की एफओबी कीमतों, रूस यूरोप को आर्थोजाइलीन की सीआईएफ कीमतों और दक्षिण पूर्व एशिया से आर्थोजाइलीन की सीएफआर कीमतों का प्रयोग किया है। तथापि, आवेदकगण इन तीनों संगणनाओं में आर्थोनाइलीन की कीमतों का जरूरी समायोजन करने में असफल रहे हैं जिससे कि संबंधित क्षेत्राधिकार की घरेलू बाजार में आर्थोजाइलीन की लागत प्रदर्शित हो सके।

(viii) रूस में निर्यात शुल्क की मौजूदगी आर्थोजाइलीन की उन घरेलू कीमतों की किसी भी रूप में संकेतक नहीं हैं जिनमें विचाराधीन वस्तु का उत्पादन करने और बिक्री करने से जुड़ी लागत प्रदर्शित न होती हो। इस प्रक्रम में सामान्य मूल्य का निर्धारण विशिष्ट उत्पादक अथवा निर्यातक लेखाओं पर आधारित होना चाहिए।

(ix) रूस में आर्थोजाइलीन की कीमत का निर्धारण देश में घरेलू मांग के स्तर के आधार पर किया जाना चाहिए। आवेदकगण घरेलू कीमतों के संबंध में किसी निष्कर्ष पर रूस में आर्थोजाइलीन के लिए घरेलू मांग के स्तर और उसकी नम्यता से संबंधित साक्ष्य प्रदान किए बिना नहीं पहुंच सकते हैं।

(x) प्राधिकारी को संगत विधिक प्रावधानों के अंतर्गत यह अपेक्षित है कि वह आपूर्ति श्रृंखला के लिए व्यक्तिगत पाटन मार्जिन की संगणना काम्टेक्स हिमप्राम और रोसप्लास्ट को उत्पादक के रूप में तथा मिलमैन को निर्यातक के रूप में शामिल करके करे क्योंकि इससे आपूर्ति श्रृंखला संपूर्ण होती है। उरालकेम भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात करने के लिए मिलमैन की आपूर्ति श्रृंखला का एक भाग नहीं है। इसलिए वर्तमान जांच में उरालकेम की प्रतिभागिता का मिलमैन की आपूर्ति श्रृंखला के लिए व्यक्तिगत पाटन मार्जिन की संगणना करने में उसका कोई प्रभाव नहीं है। काम्टेक्स हिमप्राय द्वारा अपने प्रश्नावली प्रत्युत्तर में प्रदान कराए गए आंकड़े काम्टेक्स हिमप्राम द्वारा संबद्ध वस्तु के कुल उत्पादन तथा लागत से संबंधित है।

(xi) यह कि काम्टेक्स रोसप्लास्ट से संबंधित है, इसलिए वह इसे संबद्ध वस्तु का उत्पादन करने के लिए सेवाएं प्रदान करने से किसी भी रूप्में प्रतिबंधित नहीं करता है।

घरेलू उद्योग के विचार

18. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में आवेदकों द्वारा निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए गए है :

(i) निर्यातकों का प्रश्नावली प्रत्युत्तर रूस में उत्पादन लागत के अनुरूप सही-सही सामान्य मूल्य का निर्धारण करने में सकल रूप से अपर्याप्त है :

क. यह स्वीकार किया गया है कि ओजेएससी काम्टेक्स हिमप्राम इस उत्पाद का उत्पादन रोसप्लास्ट ओओओ एलएलसी और एलएलीसी उराल केमप्रोम के लिए कर रहा है। परंतु, प्रश्नावली प्रत्युत्तर इस कंपनी द्वारा किए गए कुल उत्पादन पर आधारित नहीं है।

ख. ओजेएससी काम्टेक्स हितप्राम का संबंध रोसप्लास्ट ओओओ एलएलसी से है परंतु फिर भी वह एलएलसी यूराल केमप्रोम के लिए वस्तु विनिर्माण करता है। याचिकाकर्ता इसका कारण समझने में अक्षम है।

ग. ओजेएससी काम्टेक्स हितप्रोम भी अंतिम उत्पाद अर्थात डीओपी का उत्पादन करता है। ओजेएससी काम्टेक्स हिमप्रोम द्वारा डीओपी का उत्पादन करने के लिए थैलिक एन्हाइड्राइड की इसकी ग्राही खपत के संबंध में कोई सूचना प्रदान नहीं की गई है।

(ii) घरेलू उद्योग ने डीजीसीआईएंडएस आंकड़ों को अपनाया है और क्षति मार्जिन तथा माहवार क्षति मार्जिन का निर्धारण करने के लिए रूस और जापान के लिए पृथक विवरण प्रदान कराए गए हैं।

(iii) प्रतिवादी निर्यातकों ने संपूर्ण प्रत्युत्तर दायर नहीं किया है और इसलिए इन निर्यातकों/उत्पादकों को व्यक्तिगत पाटन मार्जिन प्रदान नहीं किया जा सकता है।

(iv) रूस के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण करने हेतु रूस के निर्यातक की कच्चे माल की लागत पर भरोसा आर्थोजाइलीन के निर्यात पर रूस की सरकार द्वारा निर्यात कर का उदग्रहण किए जाने के कारण नहीं किया जा सकता है। रूस में थैलिक एन्हाइड्राइड का उत्पादन करने के लिए आर्थोजाइलीन की कीमतें उसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमतों की तुलना में कम होती है।

(v) रूस के उत्पादकों की लागत एवं कीमत इस विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन और बिक्री से जुड़ी लागत को युक्तियुक्त रूप से प्रदर्शित नहीं करती है क्योंकि रूसी सरकार आर्थोजाइलीन (मुख्य कच्चे माल) के निर्यात पर निर्यात शुल्क प्रभारित करती है।

(vi) याचिकाकर्ताओं ने सामान्य मूल्य का परिकलन उनके उपलब्ध सर्वोत्तम ज्ञान के आधार पर किया है। चूंकि निर्यातकों ने प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर किया है, इसलिए इस अवस्था पर सामान्य मूल्य का निर्धारण निर्यातकों द्वारा प्रदान कराए गए आंकड़ों के आधार पर होना चाहिए। रूस के उत्पादकों की सम्परिवर्तन लागत दोनों याचिकाकर्ता कंपनियों की संपरिवर्तन लागत से अधिक है।

(vii) रूस में बिक्री कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण एलएलसी उराल केम प्रोम द्वारा दायर प्रश्नावली प्रत्युत्तर और कंपनी द्वारा की गई बिक्रियों की सूचना के बिना नहीं किया जा सकता है।

(viii) प्रतिवादी पक्षकारों का यह तर्क है कि सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए 1 एमटी आर्थोजाइलीन की कीमत की तुलना 1.13 एमटी पीएएन की लागत से की जानी चाहिए, इसमें कोई युक्तिसंगत तर्क और भावना नहीं है और उसकी याचिकाकर्ता ने पूर्णतया अवहेलना कर दी है।

(ix) याचिकाकर्तागण प्रतिवादी पक्षकारों के इस प्रस्तुतिकरण की भी उपेक्षा करते हैं कि इस विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन करने के दौरान अभिक्रिया से उत्पादित अत्यधिक वाष्प/ऊर्जा पर भी सामान्य मूल्य का निर्धारण करेन के लिए विचार करना चाहिए। यह प्रस्तुत किया जाता है कि इस प्रक्रम में कोई बेशी विद्युत उत्पादित नहीं होती है और इस प्रक्रम में उत्पादित संपूर्ण विद्युत का उपभोग कर लिया जाता है।

(x) प्रतिवादी पक्षकारों का यह तर्क दुर्भावनापूर्ण है कि इस याचिका में सभी पर्याप्त सूचनाएं नहीं दी गई हैं। याचिकाकर्ताओं ने उनको उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना पर भरोसा किया है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

19. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों के ज्ञात निर्यातकों को प्रश्नावलियां उन्हें यह सुझाव देते हुए प्रेषित कीं कि वे विहित स्वरूप एवं ढंग से सूचना प्रदान करें। तथापि, अधोलिखित उत्पादकों और निर्यातकों को छोड़कर संबद्ध देशों के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर करके इस जांच में सहयोग नहीं दिया है। निम्नलिखित कंपनियों द्वारा प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर किया गया है :

(i) रोसप्लास्ट ओओओ एलएलसी, रूस

(ii) ओजेएससी काम्टेक्स हिमप्रोम, रूस

(iii) मिलमैन लिमिटेड, यूके

20. घरेलू उद्योग द्वारा यह तर्क दिया गया है कि इस जांच की अवधि के दौरान इस संबद्ध वस्तु की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव रहा है। प्राधिकारी ने पाटन मार्जिन एवं क्षति मार्जिन का निर्धारण करने के लिए संपूर्ण आंकड़ों का माहवार विश्लेषण किया है।

21. प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य का आकलन नियमावली के अनुसार उत्पादकों और निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर किया है। पहले यह देखा गया कि क्या प्रतिवादी निर्यातक/उत्पादक द्वारा इस संबद्ध वस्तु की उनकी अपनी गृह बाजार में की गई घरेलू बिक्रियां उनकी घरेलू कीमतों के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए प्रतिनिधित्व एवं अर्थक्षम है और क्या प्रतिवादियों द्वारा प्रदान कराए गए आंकड़ों के अनुरूप व्यापार परीक्षण का सामान्य अनुक्रम पूरा होता है।

22. यह देखा गया कि रोसप्लास्ट इस विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन और उसकी बिक्री नहीं करता है। रोसप्लास्ट और काम्टेक्स हिमप्रोम दोनों ही संबद्ध कंपनियां हैं। काम्टेक्स हिमप्रोप के पास उत्पादन सुविधाएं उपलब्ध हैं और काम्टेक्स हिमप्रोप इस विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन करता है। रोसप्लास्ट आर्थोलाइलीन का प्रापण करता है और काम्टेक्स हिमप्रोप को उसकी आपूर्ति करता है। न तो रोस्प्लास्ट और न ही काम्टेक्स हिमप्रोम घरेलू बाजार में इस विचाराधीन उत्पाद की भारी मात्रा में बिक्री करता है। इसके अतिरिक्त, रोसप्लास्ट ने इस उत्पाद की भारत में उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष बिक्री नहीं की है। रोसप्लास्ट ने इस उत्पाद की बिक्री मिलमैन को की और फिर मिलमैन ने इसकी बिक्री विभिन्न देशों में विभिन्न उपभोक्ताओं और आयातकों को की है।

23. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि उत्पादन लागत की सही-सही संगणना करने के लिए *** एमटी आर्थोजाइलीन की कीमत की तुलना *** पीएएन की कीमत से करनी चाहिए, यह स्पष्ट किया जाता है कि प्राधिकारी ने अंतर्निविष्टियों के उपभोग को हिमप्रोम द्वारा प्रदान कराई गई सूचना के आधार पर अपनाया है।

रूस के लिए सामान्य मूल्य

ओजेएससी काम्टेक्स हिमप्राप, रूस (उत्पादक) और मिलमैन लिमिटेड, यूके (निर्यातक) के साथ-साथ रोसप्लास्ट ओओओ एलएलसी का सामान्य मूल्य

24. घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया है कि रूस के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण कच्चे माल की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों पर विचार करते हुए करना चाहिए। रूस की सरकार ने थैलिक एन्हाइड्राइड का उत्पादन करने के लिए प्रमुख कच्चे माल आर्थोजाइलीन का निर्यात करने पर निर्यात कर का अधिरोपण किया है। इसके परिणामस्वरूप थैलिक एन्हाइड्राइड का उत्पादन करने के लिए रूस में आर्थोजाइलीन की आपूर्ति अंतर्राष्ट्रीय कीमतों की तुलना में वास्तविक रूप से कम कीमत पर की जाती है और इसलिए इसके परिणामस्वरूप इसकी उत्पादन लागत इस विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन करने और उसकी बिक्री करने से जुड़ी तर्कसंगत लागत को प्रदर्शित नहीं करेगी। इसलिए, याचिकाकर्ता यह प्रस्तुतिकरण करते हैं कि इस विचाराधीन उत्पाद की उत्पादन लागत का निर्धारण करने के लिए इसके कच्चे माल की लागत पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

25. रोसप्लास्ट ओओओ एलएलसी, रूस द्वारा दायर निर्यातक प्रश्नावली प्रत्युत्तर से प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि रोसप्लास्ट का इस संबद्ध वस्तु अर्थात थैलिक एन्हाइड्राइड (पीएएन) का उत्पादन करने के लिए अपना कोई कारखाना नहीं है। रोसप्लास्ट इस पीएएन का

विनिर्माण करने के लिए इसके मुख्य कच्चे माल आर्थोजाइलीन सहित इसके लिए अपेक्षित किसी भी कच्चे माल का विनिर्माण नहीं करता है। रोसप्लास्ट मुख्य कच्चे माल आर्थोजाइलीन और इसके लिए अपेक्षित कच्चे माल को ओपन ज्वाइंट स्टॉक कंपनी (ओजेएससी) काम्टेक्स हिमप्रोम, जो रोसप्लास्ट की एक संबद्ध कंपनी है (क्योंकि रोसप्लास्ट की काम्टेक्स हिमप्रोम में शेयरधारिता है) नामक एक कंपनी को प्रदान करता है। काम्टेक्स हिमप्रोप, रोसप्लास्ट और काम्टेक्स हिमप्रोम के बीच हुए एक सेवा करार में उल्लिखित शर्तों के अनुसार रोसप्लास्ट की ओर से संविदा विनिर्माण/जाब कामकार की क्षमता से थैलिक एन्हाइड्राइड का उत्पादन करने में अंतर्ग्रस्त है। काम्टेक्स हिमप्रोम थैलिक एन्हाइड्राइड का उत्पादन करने के पश्चात उसे अपने भांडागार के साथ-साथ रोसप्लास्ट के भांडागार को अंतरित कर देता है। रोसप्लास्ट इस थैलिक एन्हाइड्राइड की संभावित मात्रा और कीमत, पैकिंग के प्रकार और पोतलदान के समय के लिए व्यापारिक कंपनियों से पूछताछ प्राप्त करता है और इस उत्पाद के अंतिकम गंतव्य के लिए देश का संकेत करता है। रोसप्लास्ट एक ओर दक्षिण एशिया की पीए बाजार के लिए आईसीआईएस और प्लैट्स द्वारा उल्लिखित दरों और सभी प्रकार के परिवहन लागत तथा अन्य लागतों को शामिल करते हुए इस उत्पाद की उत्पादन लागत पर भरोसा करके अपने कीमत प्रस्ताव प्रेषित करता है। क्रेता या तो कीमत को स्वीकार कर लेता है अथवा तर्क प्रस्तुत करते हुए उस कीमत को स्वीकार कर लेता है अथवा तर्क प्रस्तुत करते हुए उस कीमत पर डिस्काउंट की मांग करता है। इसके बदले में रोसप्लास्ट सौदे की या तो संपुष्टि कर देता है अथवा उसकी मनाही कर देता है। जब कीमत तय हो जाती है तो दोनों पक्षकारों द्वारा इस संविदा करार पर हस्ताक्षर किए जाते हैं। जहां तक जांच की अवधि के दौरान थैलिक एन्हाइड्राइड की भारत को बिक्री करने का सवाल है रोसप्लास्ट ने एक संविदा करार (प्रदर्श-1), जिसमें बिक्री की शर्तों एवं निबंधनों का उल्लेख होता है, के अंतर्गत थैलिक एन्हाइड्राइड की बिक्री अपने असंबद्ध व्यापारी/निर्यातक, अर्थात मिलमैन लिमिटेड, यूके को की है। मिलमैन लिमिटेड, यूके, इस श्रृंखला का वास्तविक निर्यातक है, और उसने इस जांच की अवधि के दौरान इस संबद्ध वस्तु का भारत को निर्यात एक असंबद्ध उपभोक्ता को किया है। इस संबद्ध वस्तु का भारतीय ग्राहकों को पोतलदान प्रत्यक्षत: रूसी पत्तन से किया जाता है।

26. कंपनी ने जांच की अवधि के दौरान थैलिक एन्हाइड्राइड की घरेलू बिक्री की कोई सूचना नहीं दी है। अपने प्रश्नावली प्रत्युत्तर में कंपनी ने न तो अन्य सभी देशों को सौदेवार की गई निर्यात बिक्रियों की जानकारी दी है और न ही उन सभी देशों के नामों की जानकारी दी है जिनको इसने जांच की अवधि के दौरान थैलिक एन्हाइड्राइड का निर्यात किया है, हालांकि घरेलू बिक्रियां न होने के कारण इसने अपने सामान्य मूल्य का दावा अन्य देशों को किए गए निर्यात के आधार पर किया है। अपनी प्रश्नावली प्रत्युत्तर के परिशिष्ट-2-क में कंपनी ने अन्य देशों को किए गए निर्यातों की कुल मात्रा और उसके कुल मूल्य से संबंधित सूचना प्रदान की है। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने भारत के अलावा अन्य देशों को निर्यात करने के लिए समेकित कीमत संरचना प्रदान की हे। सत्यापन के दौरान कंपनी ने यह उल्लेख किया कि उसने थैलिक एन्हाइड्राइड का निर्यात चीन, बेलारूस और मिस्र को किया है। कंपनी से यह कहा किया कि वह अन्य देशों को किए गए निर्यातों का सौदेवार विवरण प्रदान करे और इन सभी सौदों के संबंध में अपने कम्प्यूटर सिस्टम में दावाकृत समायोजन सहित मूल दस्तावेज अथवा अभिलेख दर्शाए। यह कंपनी इनका सत्यापन मूल रिकार्डों से नहीं करा सकी।

27. चूँकि रूस बाजार अर्थव्यस्था बाला देश है इसलिए आर्थोजयलिन की रोस्प्लास्ट की बहियों में रिकॉर्ड की गयी लगत पर विचार किया गया है. इसके अतिरिक्त घरेलु उद्योग ने इस आशय का कोई साक्ष्य प्रदान नहीं किया है कि रूस में आर्थोजैलिन की कीमत उचित बाजार कीमत को प्रदर्शित करती है । .इसलिए प्राधिकारी ने रोसप्लास्ट के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण इसके कच्चे माल आर्थोजाइलीन की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों, काम्टेक्स हिमप्रोम द्वारा प्रदान कराई गई सूचना के आधार पर कच्चे माल की खपत; काम्टेक्स हिमप्रोम द्वारा प्रदान कराई गई सूचना के आधार पर संपरिवर्तन लागत; रोसप्लास्ट और काम्टेक्स हिमप्रोप द्वारा प्रदान कराई गई सूचना के अनुसार बिक्री एवं सामान्य तथा प्रशासनिक व्ययों और ब्याज का अपवर्जन करते हुए फैक्टरी बाह्य लागत पर 5 प्रतिशत के तर्कसंगत लाभ मार्जिन को जोड़कर किया है। फैक्टरी बाह्य सामान्य मूल्य का उल्लेख अधोलिखित पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

रूस के असहयोगकर्ता उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य

28. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि रूस के किसी भी अन्य निर्यातक/उत्पादक ने वर्तमान जांच में प्राधिकारी को कोई प्रत्युत्तर नहीं दिया है। रूस के सभी असहयोगकर्ता निर्यातकों/ उत्पादकों के लिए प्राधिकारी ने सहयोगकर्ता निर्यातक-उत्पादक के लिए निर्धारित सामान्य मूल्य को अपनाया है।

रूस के लिए निर्यात कीमत

ओजेएससी काम्टेक्स हिमप्रोम, रूस और मिलमैन लिमिटेड, यूके के साथ-साथ रोसप्लास्ट ओओओ एलएलसी, रूस

29. रोसप्लास्ट ने जांच की अवधि (पीओआई) के दौरान भारत को थैलिक एन्हाइड्राइड के निर्यातों के *** सौदों की सूचना दी है जिसमें *** यूएस डालर मूल्य के कुल *** एमटी का निर्यात दर्शाया गया है। इस संपूर्ण मात्रा की बिक्री रोसप्लास्ट द्वारा सीएफआर भारतीय पत्तन आधार पर मिलमैन लिमिटेड नामक एक व्यापारिक कंपनी को की गई थी। मिलमैन लिमिटेड द्वारा भारत के किए गए निर्यात के *** प्रतिशत को रोसप्लास्ट से प्राप्त किया गया था। तथापि, मिलमैन लिमिटेड के पुनर्नुकूल बनाए गए परिशिष्ट-2 से यह नोट किया जाता है कि कंपनी ने सीएफआर आधार पर *** यूएस डालर के लिए *** एमटी को दर्शाते हुए जांच की अवधि के दौरान भारत को पैन के निर्यातों को *** संव्यवहारों की सूचना दी है। सत्यापन दौरे के दौरान मिलमैन लिमिटेड ने मात्रा में अंतर को दर्शाते हुए एक पुनर्संयोजन विवरण

प्रदान किया। मात्रा पुनसंयोजन विवरण के अनुसार यह पाया गया कि *** एमटी की मात्रा का अंतर खेपों की पहचान रोसप्लास्ट द्वारा बीजक (इनवाइस) तिथि के आधार पर और मिलमैन लिमिटेड द्वारा पोतलदान की तारीख के आधार पर करने के कारण हुआ जिसे मिलमैन लिमिटेड ने अगले वर्ष अर्थात *** में प्रदर्शित किया था। मिलमैन लिमिटेड को की गई सभी बिक्रियां फ्लेक्स के रूप में की गई थी। रोसप्लास्ट ने अंतरदेशीय परिवहन, सीमाशुल्क प्रहस्तन और क्लीयरेंस प्रभारों, समुद्रपार मालभाड़ा और अन्य समायोजनों के कारण हुए व्यय के समायोजन का दावा किया है जिसकी अनुमति दे दी गई। निर्धारित फैक्टरी बाह्य निर्यात कीमत को अधोलिखित पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है।

रूस के अन्य निर्यातकों/उत्पादकों के लिए निर्यात कीमत

30. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि वर्तमान जांच में रूस के किसी भी अन्य निर्यातक/ उत्पादक ने प्राधिकारी को प्रत्युत्तर नहीं दिया है। रूस के इन सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए प्राधिकारी ने निर्यात कीमत का निर्धारण प्रत्युत्तरदाता निर्यातक द्वारा रिपोर्ट की गई न्यूनतम प्रतिनिधिक निर्यात कीमत और डीजीसीआईएंडएस आंकड़ों में रिपोर्ट की गई आयात कीमत पर विचार करते हुए किया है। निर्यात कीमत का निर्धारण सीएफर के रूप में ***यूएस डालर प्रति एमटी निर्धारित किया गया है। इस सीएफर कीमत का समायोजन निर्याआ तक द्वारा प्रदान कराई गई सूचना और प्राधिकारी द्वारा किए गए सत्यापन के आधार पर किया गया है। रूस के अन्य उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्धारित फैक्टरी बाह्य निर्यात कीमत को अधोलिखित पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है।

जापान के लिए सामान्य मूल्य

31. चूंकि जापान के किसी भी निर्यातक ने वर्तमान जांच में सहयोग नहीं किया है और निर्यातक प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर नहीं किया है, इसलिए प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि जापान के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण उत्पादन लागत और बिक्री कीमत से संबंधित वास्तविक सूचना के आधार पर नहीं किया जा सकता है। इसलिए जापान के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण नियमावली के नियम 6(8) में उल्लिखित शर्तों के अनुसार उपलब्ध तथ्यों के अनुरूप किया है। तदनुसार, जापान के लिए फैक्टरी बाह्य स्तर पर सामान्य मूल्य का निर्धारण निम्नलिखित आधार पर किया गया है - यूएन कामट्रेड आंकड़ों के अनुरूप जापान से विश्व को आर्थोजाइलीन की निर्यात कीमत के अनुसार आर्थोजाइलीन की कीमतें; जापान में यथा-प्रचलित मालभाड़ा, घरेलू उद्योग के सर्वाधिक कार्यकुशल उत्पादक की सूचना/आंकड़ों के आधार पर कच्चे माल की खपत और संपरिवर्तन लागत; घरेलू उद्योग के सर्वाधिक कार्यकुशल उत्पादक की सूचना/आंकड़ों के आधार पर बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय तथा ब्याज का अपवर्जन करते हुए फैक्टरी बाह्य स्तर पर 5 प्रतिशत की दर से लाभ। प्राधिकारी ने जापान के बारे में तदनुसार ही सामान्य मूल्य की संरचना की है। जापान के लिए इस तरह निर्धारित फैक्टरी बाह्य सामान्य मूल्य अधोलिखित पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाए गए के अनुसार है।

जापान के लिए निर्यात कीमत

32. चूंकि वर्तमान जांच में जापान के किसी भी निर्यातक ने सहयोग नहीं दिया है और न ही निर्यातक प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर किया है इसलिए प्राधिकारी जापान के लिए निवल निर्यात कीमत का निर्धारण नियमावली के नियम 6(8) में उल्लिखित शर्तों के अनुसार उपलब्ध तथ्यों के आधार पर करने का प्रस्ताव करते हैं। जापान के सभी उत्पादकों-निर्यातकों के मामले में निर्यात कीमत का निर्धारण डीजीसीआईएंडएस से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर किया है। उचित समायोजन करने के पश्चात इस तरह निर्धारित फैक्टरी बाह्य निर्यात कीमत अधोलिखित पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाए गए के अनुरूप है।

पाटन मार्जिन तालिका

33. प्रस्तावित पाटन मार्जिन अधोलिखित तालिका में दिया गया है :

क्र.सं.	देश	उत्पादक/निर्यातक	सामान्य मूल्य(एमटी/ यूएस डालर)	निर्यात कीमत(एमटी/ यूएस डालर)	पाटन मार्जिन (एमटी/ यूएस डालर)	पाटन मार्जिन प्रतिशत	पाटन मार्जिन रेंज
1	रूस	रोसप्लास्ट आओओ एलएलसी, रूस, के साथ-साथ ओजेएससी काम्टेक्स हिमप्रोम, रूस (उत्पादक) और मिलमैन लिमिटेड, यूके (निर्यातक)	***	***	***	***	5-15
2	रूस	अन्य सभी	***	***	***	***	10-20
3	जापान	सभी उत्पादक और निर्यातक	***	***	***	***	10-20

34. यह स्पष्ट है कि पाटन मार्जिन अत्यधिक पर्याप्त है तथा वह नियमावली के अंतर्गत निर्धारित सीमा से बहुत ज्यादा है।

क्षति का आकलन

उत्पादकों/निर्यातकों, आयातकों, प्रयोक्ताओं तथा प्रयोक्ता एसोसिएशनों द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

35. क्षति एवं कारणात्मक संबंधों के बारे में विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए हैं :

(i) लागू आधारभूत सीमाशुल्क का संवेदनशील निर्धारक समान संबद्ध वस्तु के लिए रूस से आयातों तथा जापान से आयातों के लिए भिन्न-भिन्न है; क्योंकि जापान और रूस से आयातित वस्तुओं के बीच प्रतिस्पर्धा की शर्तें पूर्णतया असमान हैं। जापान और रूस दोनों से आयातों का संचयी परीक्षण करना त्रुटिपूर्ण है।

(ii) यह जांच करने के लिए कि क्या आवेदक को कोई वास्तविक क्षति हुई है थैलिक एन्हाइड्राइड के अवकलजों के निष्पादन का मूल्यांकन करना भी अनिवार्य है। यह विश्लेषण किया जाना चाहिए कि क्या थैलिक एन्हाइड्राइड का अंतरण आंतरिक रूप से आर्म्स लेंग्थ पर किया जा रहा है – क्योंकि इससे संबद्ध उत्पाद की वास्तविक समग्र लाभप्रदता प्रदर्शित होगी। प्राधिकारी को आवेदकों के मूल्य वर्धित उत्पादों और खासकर अनुप्रवाही अवकलजों की क्षमता के संबंध में व्यवसाय व्यवहार की जांच करना चाहिए और यह देखना चाहिए कि क्या क्षति अवधि के दौरान अवकलजों का उत्पादन करने में कोई बड़ा परिवर्तन हुआ है।

(iii) प्राधिकारी को मात्रा प्रभाव की जांच करने के लिए अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत भारत को संबद्ध वस्तु के किए गए सभी आयातों का अपवर्जन कर देना चाहिए, क्योंकि अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत किए गए सभी आयात घरेलू उद्योग को क्षति कारित करने में समक्ष नहीं होते हैं। अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत आयातित संबद्ध वस्तु का उतराई मूल्य आयातों पर संदत्त शुल्क के उतराई मूल्य की तुलना में न्यूनतर होता है और इसलिए प्राधिकारी को याचिकाकर्ताओं की गैर-क्षतिकारी कीमत और निवल बिक्री प्रापण के साथ संदत्त शुल्क के आयातों के उतराई मूल्य की जांच करनी चाहिए।

(iv) मांग में कमी होने के बावजूद याचिकाकर्ताओं की घरेलू बिक्रियों तथा बाजार हिस्से में निरंतर वृद्धि हुई है और संबद्ध देशों से आयात बहुत कम है तथा यह कुल भारतीय मांग का केवल 5 प्रतिशत हैं। इसलिए, याचिकाकर्ताओं के बाजार हिस्से पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और याचिकाकर्ताओं द्वारा किया गया दावा निराधार एवं दुर्भावनापूर्ण है।

(v) प्योरीफाइड टैरेफ्थैलिक एसिड (पीटीए) थैलिक एन्हाइड्राइड के लिए एक व्यवहार्य प्रतिस्थानी है। भारत में पीटीए की मांग में वर्ष 2009-10 से 2012-13 तक वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप थैलिक एन्हाइड्राइड की मांग में कमी आई है जो कतिपय अनुप्रयोगों में पीटीए द्वारा प्रत्यक्षत: प्रतिस्थापित किया जा सकता है।

(vi) क्षमता उपयोग का विश्लेषण यह दर्शाता है कि वर्ष 2010-11 की तुलना में इसमें मामूली सी गिरावट आई है परंतु यह नोट किया जा सकता है कि याचिकाकर्ताओं ने इसको कई बाह्य कारकों से स्वयं उपगत किया है।

(vii) तथापि, आईजी पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड की क्षमता में वर्ष 2013-14 में भारी वृद्धि हुई है। आईजी पेट्रोकैमिकल्स उच्च दर पर प्रचालन करने में सक्षम है। घरेलू उद्योग द्वारा क्षमता उपयोग में प्रदर्शित की गई कोई भी गिरावट थिरूमलाई कैमिकल्स लिमिटेड के कारण हुई है जो संभारतंत्रीय दिक्कतों के कारण अपनी क्षमता का इष्टतम उपयोग करने में सक्षम नहीं हुआ है।

(viii) आईजी पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड की निरंतर उच्च प्रचालन दरों और आवस्थानिक लाभ को ध्यान में रखते हुए यह कहा जा सकता है कि वह न्यूनतर प्रचालन संभारतंत्रीय और श्रम लागत उपगत करता है। वास्तव में आईजी पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में कच्चे माल की खरीद घटी हुई लागत पर करता है क्योंकि थैलिक एन्हाइड्राइड उद्योग को कच्चे माल की आपूर्तिकर्ताओं में से एक आपूर्तिकर्ता आईजी पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड के निकट ही अवस्थित है। यह सब लाभ थिरूमलाई कैमिकल्स लिमिटेड को उपलब्ध नहीं है।

(ix) याचिकाकर्ताओं की बिक्री मात्रा और बिक्री कीमत में, घरेलू मांग में गिरावट होने के बावजूद क्षति अवधि में बढ़ोतरी हुई है।

(x) जांच की अवधि में प्रदर्शित स्पष्ट भारी गिरावट मैसर्स आईजी पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड द्वारा किए गए "असाधारण खर्चों" के कारण आई है और यह स्पष्टतया त्रुटिपूर्ण है। आईजी पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड की "वित्त लागत एवं आपवादिक मद से पूर्व सामान्य क्रियाकलापों से लाभ" में वर्ष 2012-13 की तुलना में वर्ष 2013-14 में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, यह भी प्रेषण किया जा सकता है कि वर्ष 2013-14 में वित्त लागत वर्ष 2012-13 की वित्त लागत की तुलना में लगभग दोगुनी हो गई है। इसके अतिरिक्त, विनिमय घाटा जैसे कुछ आपवादिक खर्चों और असाधारण खर्चों को घाटा दर्शाने के लिए जोड़ दिया गया है जबकि उसकी स्थिति स्पष्टतया लाभप्रद थी।

(xi) यद्यपि क्षति अवधि के दौरान याचिकाकर्ताओं की बिक्री लागत में वृद्धि हुई है, तथापि, उसके अनुरूप ही उनकी बिक्री कीमत में भी वृद्धि हुई है। वास्तव में, याचिकाकर्ताओं को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वर्ष 2010-11 की तुलना में जांच की अवधि में बिक्री लागत में भारी वृद्धि क्यों हुई है। इसलिए स्पष्टत: कोई कीमत निग्रहण/ अवमंदन नहीं हुआ है।

(xii) ऐसी प्रेक्षा की गई है कि क्षति अवधि में उत्पादकता की प्रवृत्ति सकारात्मक रही है।

(xiii) स्टॉक में वृद्धि निर्यात में कमी होने के कारण हुई है। याचिकाकर्ता वास्तविक निर्यात का प्रकटन करने में असफल रहे हैं।

(xiv) सरकार की नीति में परिवर्तन का प्रभाव उद्योग पर पड़ा है :

क. घरेलू उद्योग को उच्चतर स्तर का संरक्षण प्राप्त हुआ है क्योंकि सीमाशुल्क काफी अधिक 30 प्रतिशत की दर पर था। अब उसे घटाकर 7.5 प्रतिशत के स्तर पर ला दिया गया है।

ख. जापान से संबद्ध वस्तु के आयात पर भारत-जापान सीईपीए के अंतर्गत अधिमानी प्रशुल्क लगता है। लागू सीमाशुल्क में कमी कर देने से जापान से आयातों में बढ़ोतरी हुई है।

(xv) याचिकाकर्ताओं ने अपनी-अपनी वार्षिक रिपोर्टों में कई अन्य कारकों को अभिज्ञात किया है और स्वीकार किया है जिसका उन पर प्रभाव पड़ रहा है और वस्तुत: जिसने उन्हें क्षति अवधि के दौरान प्रभावित किया है जैसे प्रतिलोमित शुल्क संरचना, सरकार की नीतियां, क्रूड ऑयल की संवर्धित कीमतें और फोरेक्स में उतार-चढ़ाव।

(xvi) याचिकाकर्ताओं का विगोपन न केवल अधिप्रापण और आपूर्ति संबंधी संभारतंत्रीय अवरोधों के जोखिम से हुआ बल्कि परंतु भारत में एकमात्र आपूर्तिकर्ता द्वारा कच्चे माल की बढ़ती लागत अथवा अन्य एकाधिकारवादी गतिविधियों के कारण भी कीमत निर्धारण दबाव के प्रति भी उनका विगोपन हुआ है।

(xvii) प्राधिकारी को यह जांच करना चाहिए कि क्या याचिकाकर्ताओं ने प्रस्तावित समायोजन योजना को वास्तव में अपनाया है और क्या याचिकाकर्ताओं द्वारा दावाकृत क्षति उनकी निरंतर अकुशलता के कारण हुई है जिसका उन्होंने अक्षमता के समान क्षेत्रों द्वारा उपरोपित स्व-अर्जित क्षति का और उस समायोजन योजना में अभिज्ञात किए गए घाटे का सामना करते समय अपनी समायोजन योजना में उल्लेख किया है।

(xviii) याचिका के अनुबंध 2.1 में संलग्न मैसर्स मैसूर पेट्रोकैमिकल्स का संकल्प असंदिग्ध रूप से यह उल्लेख करता है कि उसके संयंत्र के बंद होने का मुख्य कारण संपरिवर्तन लागत बहुत अधिक होना रहा है और इसलिए वह प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने में अक्षम है। अत:, भारतीय उद्योग की अकुशलता ही उसे क्षतिकारित कर रही है।

(xix) पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने से संबद्ध वस्तु की कीमत में गंभीर उतार-चढ़ाव होगा उसका प्लास्टीसाइजर्स विनिर्माताओं तथा अन्य निर्भर अनुप्रवाही उद्योगों की लागत पर प्रत्यक्ष विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इस प्रकार, यह अंतिम प्रयोक्ता उद्योग को पूर्णतया अव्यवहार्य बना देगा और उसे भारी क्षति होगी तथा हो सकता है कि इसके परिणामस्वरूप कुछ संयंत्र बंद भी हो जाए।

(xx) विदेश स्थित देशों में थैलेट प्लास्टीसाइजर्स के उत्पादक आर्थोजाइलीन और आक्सो-अल्कोहल्स, थैलिक एन्हाइड्राइड तथा थैलेट प्लास्टीसाइजर्स की एकीकृत विनिर्माता यूनिटों के रूप में कार्य करती है और वे भारतीय यूनिटों की तुलना में अधिक सस्ती होती है। यह प्रस्तुत किया जाता है कि इस संबद्ध वस्तु पर पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने से थैलेट प्लास्टीसाइजर्स के विदेशी निर्यातकों को भारी मात्रा में निर्यात करने का अवसर मिल जाएगा और इससे थैलेट प्लास्टीसाइजर्स के घरेलू विनिर्माताओं को सकल क्षति कारित होगी।

(xxi) जांच की अवधि के दौरान कच्चे माल आर्थोजाइलीन के आयातों पर आधारभूत सीमाशुल्क 5 प्रतिशत की दर से था, जबकि इस विचाराधीन उत्पाद पर आधारभूत सीमाशुल्क 7.5 प्रतिशत की दर से है। बजट 2014-15 में आर्थोजाइलीन पर आधारभूत सीमाशुल्क घटाकर 2.5 प्रतिशत कर दिया गया जो प्रभार करने योग्य शुल्क का 50 प्रतिशत है। इसलिए वर्तमान मामले में पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित करने की कोई जरूरत नहीं है।

(xxii) आयातों का बाजार हिस्सा इतना अधिक नहीं है कि उससे घरेलू उद्योग के निष्पादन पर कोई ऋणात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना हो। यह ऋणात्मक प्रभाव अन्य घरेलू उत्पादकों तथा उन देशों के कारण है जिनपर पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित है।

(xxiii) घरेलू उद्योग के उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है।

(xxiv) क्षमता में वृद्धि सकारात्मक मौजूदा और भावी निष्पादन का स्पष्ट संकेत है। इसके अतिरिक्त वेतन एवं उत्पादकता में और अधिक सुधार होना सकारात्मक निष्पादन का परिणाम है।

(xxv) आईजी पेट्रो ने क्षति अवधि के दौरान अपने लाभ में सतत वृद्धि की है।

(xxvi) संबद्ध देशों द्वारा कोई अधिक कीमत अधोरदन नहीं किया गया है क्योंकि कीमत अधोरदन की रेंज संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान 0.10 प्रतिशत बनी रही।

(xxvii) घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में बिक्री लागत के लगभग बराबर ही वृद्धि हुई है और इसलिए, कोई कीमत निग्रहण अथवा कीमत अवमंदन नहीं हुआ है। घरेलू उद्योग के बिक्री मूल्य में आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में वृद्धि हुई है।

(xxviii) आवेदकों ने वास्तविक क्षति की चुनौती का कोई साक्ष्य प्रदान नहीं कराया है।

(xxix) पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण होने के बावजूद उन देशों से आयातों में वृद्धि हुई है जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा था और उसका घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन पर प्रभाव पड़ लगा था और उसका घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन पर प्रभाव पड़ सकता है इसलिए उसकी जांच की जानी चाहिए।

(xxx) कच्चे माल की बढ़ती कीमत ने टीसीएल के घटते मार्जिन में योगदान दिया है। इसके अतिरिक्त, कंपनी द्वारा कच्चे माल के एकल आपूर्तिकर्ता अवस्थित होने के कारण इसके मार्जिनों पर प्रभाव पड़ा है।

(xxxi) टीसीएल के अवस्थानिक नुकसान के कारण टीसीएल को भारी क्षति होने में योगदान दिया है।

(xxxii) आईजी पेट्रो न्यूनतम लागत पर उत्पादन करता है और वह सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है और उसे स्थानिक लाभ भी प्राप्त हो रहा है। टीसीएल को पाटन के अलावा अन्य कारकों से भी क्षति हो रही है।

(xxxiii) एमपीसीएल का बंद होना, आईजी पेट्रो और टीसीएल जैसे बड़े घरेलू उत्पादकों से तीव्र प्रतिस्पर्धा होने का परिणाम है। इसके अतिरिक्त, उनका संयंत्र पश्चिमी क्षेत्र से काफी दूरी पर अवस्थित था।

(xxxiv) घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा का संबद्ध होती रही है। नकद लाभ और पीबीआईटी में कमी निवेशों के परिशोधन, विस्तार परियोजनाओं के लिए अपेक्षित उधार से ब्याज और असाधारण खर्चों के परिणामस्वरूप आई है।

(xxxv) आईजी पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड का निष्पादन संपूर्ण क्षति जांच अवधि के दौरान बहुत अच्छा रहा है।

(xxxvi) आईजी पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड का निष्पादन संपूर्ण क्षति जांच अवधि के दौरान बहुत अच्छा आई है।

(xxxvii) प्राधिकारी को चाहिए कि वह थिरूमलाई कैमिकल्स लिमिटेड ("टीसीएल") और आईजी पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड (आईजीपीएल) से क्षति अवधि और जांच की अवधि (पीओआई) दोनों के लिए दोनों कंपनियों के संयुक्त आंकड़ों के बजाय क्षति संबंधी अलग-अलग आंकड़े प्रदान कराने का अनुरोध करें, क्योंकि आईजीपीएल के सकारात्मक कार्यनिष्पादन को टीसीएल के संगत रूप से कम सकारात्मक कार्यनिष्पादन से आच्छादित कर दिया गया है।

(xxxviii) टीसीएल के कार्यनिष्पादन पर कोई भी ऋणात्मक प्रभाव उन आयातों जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा था तथा समान उत्पाद के अन्य घरेलू उत्पादकों के साथ प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ अन्य कारकों का परिणाम था।

(xxxix) जांच की अवधि के दौरान उत्पाद में गिरावट महत्वपूर्ण नहीं थी। इसके अतिरिक्त, आईजीपीएल ने विगत वर्श की तुलना में वर्ष 2013-14 में अपने उत्पादन वृद्धि कर दी थी।

(xl) ब्रिकी मात्रा में गिरावट होने के बावजूद आवेदनकर्ताओं के बिक्री मूल्य में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, आईजीपीएल के विक्रय मूल्य में निरंतर वृद्धि हुई है जैसाकि आंकड़ों से स्पष्ट है। आईजीपीएल के विक्रय मूल्य में विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2013-14 में वृद्धि हुई है।

(xli) आईजीपीएल का क्षमता उपयोग बहुत उच्च स्तर का बना रहा और इसके संयंत्र के सकारात्मक निष्पादन के आधार पर इसने थैलिक एन्हाइड्राइड का एक तीसरा संयंत्र लगाकर अपनी क्षमता में और अधिक विस्तार करने की योजना बनाई है।

(xlii) घरेलू उत्पादन से संबंधित मालसूची संपूर्ण क्षति अवधि तथा जांच की अवधि के दौराना स्थिर रही है।

(xliii) आईजीपीएल की वार्षिक रिपोर्टों के अनुसार वह विश्व में न्यूनतम लागत पर थैलिक एन्हाइड्राइड का उत्पादन करने वाली कंपनियों में से एक है और इसलिए यह प्रस्तुत किया जाता है कि आईजीपीएल के लिए संगणना की गई गैर-क्षतिकारी कीमत इस समान उत्पादन के अन्य घरेलू उत्पादकों की तुलना में कम होगी।

(xliv) क्षति अवधि तथा जांच की अवधि के दौरान आईजीपीएल के कार्यनिष्पादन में और खासकर इसके उत्पादन, बिक्री, क्षमता उपयोग, क्षमता एवं सकल लाभ में सुधार हुआ है। आईजीपीएल के लाभ में क्षति अवधि और जांच की अवधि के दौरान निंरतर वृद्धि हुई है, इसलिए संबद्ध देशों से आयात ने आईजीपीएल की कीमतों का निग्रहण अथवा अवमंदन नहीं किया है अथवा उसके परिणामस्वरूप आईजीपीएल की कीमतों का अधोरदन अथवा कीमत अधोविक्रयण नहीं हुआ है। आईजीपीएल को संगत विधिक प्रावधानों में उल्लिखित शर्तों के अनुसार क्षति नहीं हो रही है। प्राधिकारी को चाहिए कि वह आईजीपीएल और टीसीएल दोनों के लिए अलग-अलग क्षति विश्लेषण का आयोजन कर ने कि संयुक्त आंकड़ों के आधार पर।

(xlv) आवेदकों ने यह सिद्ध करने के लिए कोई साक्ष्य प्रदान नहीं कराया है कि संबद्ध देशों के निर्यातकों के पास पर्याप्त अनप्रयुक्त क्षमताएं हैं और इसके अतिरिक्त, यह कि संबद्ध देशों के निर्यातक भारत को अपना निर्यात बढ़ाना चाहते हैं।

(xlvi) टीसीएल और मैसूर पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड दोनों ने अभिव्यक्त रूप से अपने ऋणात्मक निष्पादन को प्रतिस्पर्धात्मक अलाभ के साथ-साथ आईजीपीएल पर उपरोपित किया है।

घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

36. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए हैं :

(i) आयातों में अबाधित रूप से वृद्धि हुई है। वास्तव में, आयातों में प्रस्तावित जांच की अवधि के दौरान भारी वृद्धि प्रदर्शित हुई है।

(ii) प्रत्येक संबद्ध देश से आयातों में संचयी और व्यक्तिगत दोनों ही रूपों में अबाधित वृद्धि प्रदर्शित हुई है।

(iii) आयातों में भारत में उत्पादन और खपत की तुलना में वृद्धि हुई है।

(iv) संबद्ध देशों से आयात देश में इस उत्पाद की कीमतों में भारी निग्रहण इस सीमा तक हो रहा है कि उसे भारी वित्तीय घाटा सहन करना पड़ रहा है।

(v) आयात घरेलू उद्योग की कीमतों का भारी अधोविक्रयण कर रहे हैं। यह तथ्य गैर-क्षतिकारी कीमत और आयातों की उतराई कीमत के बीच भारी अंतर से स्पष्ट है।

(vi) क्षमता उपयोग, उत्पादन, बिक्री, मालसूची, बाजार हिस्सा, लाभप्रदता और निवेश पर प्रतिलाभ के रूप में घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन में गिरावट आई है।

(vii) घरेलू उद्योग के निष्पादन में वर्ष 2012-13 में इजरायल, कोरिया तथा ताईवान पर पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित करने से सुधार हुआ था। तथापि, इस उत्पाद के पाटन के नए स्रोत से घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन में उस सीमा तक गिरावट आई है कि घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन में एक बार पुन: उत्पादन, क्षमता उपयोग, लाभ, नकद लाभ और जांच की अवधि में निवेश पर प्रतिलाभ में भारी गिरावट आई है।

(viii) आयात घरेलू उद्योग की कीमतों का अधोरदन कर रहे हैं। आयातों का प्रवेश ऐसी कीमतों पर हो रहा है कि उससे और भी अधिक आयात में वृद्धि होने की संभावना सुदृढ़ हो जाती है।

(ix) विदेशी उत्पादकों के पास भारी अप्रयुक्त क्षमता है। उत्पादन प्रक्रिया की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए यह कहा जा सकता है कि विदेशी उत्पादकों के पास अपने संयंत्रों को चालू हालत में बनाए रखने के लिए अपने माल की बिक्री करने, चाहे वह पाटित कीमतों पर ही क्यों न हों, के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है।

(x) यह प्रस्तुतिकरण किया जाता है कि निम्नलिखित कारकों से यह सिद्ध होता है कि घरेलू उद्योग को क्षति पाटित आयातों के कारण ही कारित हुई है :

क. घरेलू उद्योग और विदेशी उत्पादकों द्वारा पेशकश की जा रही कीमतों के बीच भारी अंतर है। इसके परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा में भारी कमी आई है। अत:, बिक्री मात्रा में यह गिरावट संबद्ध देशों से पाटित आयातों का प्रत्यक्ष परिणाम है।

ख. आयातित उत्पाद घरेलू उद्योग की कीमतों को बुरी तरह से अधोरदन कर रहा है। इसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को लागात वृद्धि के अनुपात में अपनी कीमतों में वृद्धि करने से निवारित किया गया है।

ग. लाभ में गिरावट और उसके उत्तरवर्ती घाटे, नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ तथा नकद लाभ में घाटा होना इन पाटित आयातों का प्रत्यक्ष परिणाम है।

घ. संबद्ध देशों से आयातों के बाजार हिस्से में भारी वृद्धि हुई है। इसके प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में भारतीय उत्पादकों के बाजार हिस्से में गिरावट आई है।

ङ. कई पैरामीटरों के रूप में घरेलू उद्योग की वृद्धि ऋणात्मक हो गई है।

(xi) घरेलू उद्योग को कोरिया आरपी, ताइवान और इजरायल से भारी पाटन के कारण क्षति हो रही थी, एक जांच के पश्चात घरेलू उद्योग की स्थिति में सुधार करने के लिए इन देशों से हो रहे आयातों पर पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित कर दिया गया। तथापि, घरेलू उद्योग फिर भी अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं कर सका क्योंकि घरेलू बाजार पाटित आयातों से कभी भी मुक्त नहीं हो सकी। इन देशों पर पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने के पश्चात भारत की इस विस्तृत बाजार का लाभ उठाते हुए रूस और जापान ने पाटन करना प्रारंभ कर दिया।

(xii) घरेलू उद्योग के पास पर्याप्त क्षमता होने के बावजूद इन संबद्ध देशों से आयातों से पाटित कीमतों पर भारी वृद्धि हो रही है। घरेलू उद्योग अभी भी पिछले पाटन के प्रभाव से उबर भी नहीं पाया है ओर इसलिए वर्तमान पाटन पहले से ही इसकी नाजुक स्थिति को और भी अधिक नाजुक बना रहा है।

(xiii) भारतीय बाजार में इस विचाराधीन उत्पाद की मांग में मामूली सी गिरावट हुई है। तथापि, संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों में भारी वृद्धि हुई है, इससे पाटन और घरेलू उद्योग को क्षति के बीच प्रत्यक्ष संबंध स्थापित हो रहा है।

(xiv) आयातों में अबाधित रूप से तथा मांग के संगत रूप से, दोनों तरह से वृद्धि घरेलू उत्पादन और कुल आयात पर्याप्त से अधिक रहे हैं और घरेलू उद्योग की तुलना में बहुत अधिक है।

(xv) जहां तक बिक्री कीमत में होने वाली वृद्धि के तर्क का संबंध है, यह प्रस्तुतिकरण किया जाता है कि यद्यपि उत्पादन लागत में वृद्धि हुई है तथापि घरेलू उद्योग लागत में हुई वृद्धि के अनुपात में अपनी बिक्री कीमत में वृद्धि करने में सक्षम नहीं हुआ है क्योंकि संबद्ध देशों से आयात देश में उत्पाद की कीमतों भारी मात्रा में निग्रहण कर रहे हैं जिससे घरेलू उद्योग के बेहद वित्तीय घाटा हो रहा है।

(xvi) याचिकाकर्ता प्रतिवादी पक्षकारों के इस तर्क का विरोध करते हैं कि घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग में "मामूली" सी गिरावट आई है। यह प्रस्तुतिकरण किया जाता है क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं किया जा सका। उपभोगिता का यह स्तर विगत वर्श की तुलना में जांच की अवधि के दौरान गिरकर न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया। जहां तक थिरूमलाई कैमिकल्स लिमिटेड की कथित संभारतंत्रीय दिक्कतों का सवाल है यह प्रसुतुतिकरण किया जाता है कि विरोधकर्ता पक्षकारों ने यह प्रदर्शित करने के लिए कोई साक्ष्य प्रदान नहीं किया हे कि थिरूमलाई कैमिकल्स लिमिटेड को संभारतंत्रीय दिक्कतों के कारण क्षति हुई है।

(xvii) घरेलू उद्योग की मालसूची में संपूर्ण अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग को अपनी मालसूचियों का संग्रहण होने से बचाने के लिए निर्यात का सहारा लेना पड़ा।

(xviii) जहां तक मैसूर पेट्रोकैमिकल्स के बंद होने का प्रश्न है, इस संबंध में यह प्रस्तुत किया जाता है कि यह कंपनी इस जांच का हिस्सा नहीं है और इस कारण इस समावेशन आवश्यक नहीं है। पाटन इतना अधिक था कि यह कंपनी अपनी कीमतें आयात कीमतों के स्तर तक कम करने और अपना व्यवसाय चालू रखने में अक्षम थी। इसलिए बोर्ड ने अपना संयंत्र बंद करने का निश्चय किया।

(xix) बाजार हिस्सा, उत्पादन, बिक्री क्षमता उपयोग, लाभ, निवेश पर प्रतिलाभ और नकद लाभ के रूप में घरेलू उद्योग का प्रतिलोभित विकास हुआ।

(xx) प्रतिवादी पक्षकारों के तर्क के विरूद्ध यह अपेक्षित नहीं है कि पीएएन के अवकलजों के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन किया जाए।

(xxi) प्रतिवादी पक्षकारों का यह तर्क कि अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत किए गए आयात पाटनरोधी शुल्क जांच के दायरे के अंतर्गत नहीं आने चाहिए, त्रुटिपूर्ण है। अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत किए गए आयातों से भी घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती है। इन आयातों में अंतर केवल यह होता है कि सरकार को यह विवेकाधिकार प्राप्त होता है कि वह इन आयातों का शुल्क अधिरोपित करें या नहीं। इस कारण, अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत किए गए आयातों को घरेलू उद्योग को यथातथ्य क्षति का निर्धारण करने के लिए समावेशित करना पूर्णतया न्यायोचित है।

(xxii) याचिकाकर्ताओं ने, प्रतिवादी पक्षकारों के दावे के विपरीत; घरेलू उद्योग की स्थिति में भयावह गिरावट का निर्धारण करने के लिए आईजी पेट्रोकैमिकल्स द्वारा उपगत "अतिरिक्त खर्चों" का अपवर्जन किया है।

(xxiii) प्रतिवादी पक्षकारों द्वारा किए गए दावों के अनुसार घरेलू उद्योग को अनुप्रवाही उद्योगों की प्रकल्पना के लिए पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण किए बिना लगातार क्षति का सामना करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

(xxiv) जहां तक थिरूमलाई कैमिकल्स लिमिटेड की अलाभकर अवस्थिति के कारण उसे क्षति होने का प्रश्न है, इस संबंध में यह प्रस्तुतिकरण किया जाता है कि प्रतिवादी पक्षकारों ने अपने इस दावे के समर्थन में कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है कि थिरूमलाई की अलाभकर अवस्थिति के कारण उसे उपलब्ध कच्चे माल की कीमत की तुलना आईजी पेट्रोकैमिकल्स को कम कीमत पर कच्च माल उपलब्ध हुआ। इसके अतिरिक्त, ऐसे प्रेक्षण इस कारण से भी असंगत हैं कि याचिकाकर्ताओं द्वारा दावाकृत क्षति विपरीत कीमत प्रभाव के कारण दावा की गई है।

(xxv) उच्चतर या न्यूनतर सीमाशुल्क का अधिरोपण करने से प्रतिवादी पक्षकारों द्वारा किए गए दावे के विपरीत, किसी वस्तु के पाटन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

(xxvi) प्रतिवादी पक्षकारों द्वारा किए गए दावे के अनुसार यह कहा जा सकता है कि जापान से आयातों में वृद्धि एक करार (सीईपीए) के कारण हुई है। परंतु कोई भी करार पाटन को न्यायोचित नहीं ठहरा सकता है।

(xxvii) जहां तक वार्षिक रिपोर्टों में दिए गए विवरण का प्रश्न है, इस संबंध में यह प्रस्तुतिकरण किया जाता है कि वार्षिक रिपोर्ट में दिए गए तथ्य क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन में गिरावट के संदर्भ में नहीं दिए गए हैं। प्राधिकारी की चिंता क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन के संबंध में है। तथापि, वार्षिक रिपोर्टों पर प्रकाश केवल विचाराधीन अवधि के लिए ही डाला गया है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी की चिंता केवल घरेलू प्रचालनों से ही संबंधित है जबकि वार्षिक रिपोर्टों का संबंध कंपनी के समग्र प्रचालन से है। शेयरधारक और पणधारक वर्ष के दौरान न केवल कार्यनिष्पादन से ही अवगत होने रूचि प्रदर्शित करते हैं बल्कि वे इस कार्यनिष्पादन के कारण भी जानना चाहते हैं।

(xxviii) कोई एकाधिकारवादी स्थिति नहीं है, जैसाकि प्रतिवादी पक्षकारों ने दावा किया है। घरेलू उद्योग कच्चे माल की खरीद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रचलित दरों पर ही की है।

(xxix) संबद्ध देशों से आयातों की कुल बाजार की मांग में केवल पांच प्रतिशत के हिस्से को कम नहीं कहा जा सकता है जैसाकि प्रतिवादी पक्षकारों ने दावा किया है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

37. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति के संबंध में घरेलू उद्योग तथा विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न प्रस्तुतिकरणों पर विचार किया है और उसका रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों तथा अनुप्रयोज्य विधि पर विचार करते हुए उसका विश्लेषण किया है। यद्यपि, अधिकांश मुद्दे उन तथ्यों एवं आंकड़ों से संबंधित हैं जिनका क्षति विश्लेषण में वस्तुत: निराकरण कर दिया गया है, फिर भी विशिष्ट प्रस्तुतिकरणों की जांच एवं उनका निराकरण निम्नवत किया जाता है।

(i) जहां तक इस प्रस्तुतिकरण का सवाल है कि अनुप्रयोज्य आधारभूत सीमाशुल्क रूस से आयात और जापान से आयात के बीच अलग-अलग है और जापान तथा रूस से आयातित वस्तुओं के बीच प्रतिस्पर्धा की शर्तें पूर्णतया असमान हैं, इस संबंध में प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी नियमावली का अनुबंध-II स्पष्टत: यह उल्लेख करता है कि प्रतिस्पर्धा की शर्त का विश्लेषण आयातित वस्तु और समान घरेलू वस्तु के बीच किया जाना चाहिए न कि आयातित वस्तुओं के बीच। प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार इन आयातों के प्रभाव का संचयी आकलन किया है। यह नोट किया जाता है कि (i) प्रत्येक संबद्ध देश से पाटन का मार्जिन नियमावली में विहित सीमा से अधिक है; (ii) प्रत्येक संबद्ध देश से आयातों की मात्रा विहित सीमा से अधिक है; और (iii) आयातों के प्रभाव का संचयी आकलन उपयुक्त है क्योंकि संबद्ध देशों से निर्यात भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई समान वस्तु के साथ प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धा करती है।

(ii) जहां तक इस प्रस्तुतिकरण का सवाल है थैलिक एन्हाइड्राइड के अवकलजों का भी विश्लेषण किया जाना चाहिए, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी जांच एक उत्पाद विशिष्ट जांच है और वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद थैलिक एन्हाइड्राइड है, न कि उसके अवकलज।

(iii) जहां तक इस प्रस्तुतिकरण का संबंध है कि प्राधिकारी को क्षति जांच करते समय अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत किए गए शुल्क मुक्त आयातों का अपवर्जन कर देना चाहिए, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत किए गए आयातों के लिए यह नहीं माना जा सकता है कि उनका घरेलू बाजार में कीमतों पर प्रभाव नहीं पड़ता है। अग्रिम लाइसेंस/प्राधिकृतीकरण धारक को यह विकल्प उपलब्ध होता है कि वह अंतर्निविष्टियों का आयात शुल्क मुक्त आधार पर करे अथवा किसी अन्य तंत्र का प्रयोग करते हुए उसका प्रापण स्वदेशी स्रोत से करे। क्षति विश्लेषण का प्रयोजन घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव का आकलन करना और उसकी जांच करना है। इसलिए, क्षति विश्लेषण के लिए शुल्क मुक्त आयातों का अपवर्जन कर देना युक्तियुक्त नहीं होगा। इसके अतिरिक्त, अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत किए गए आयात किसी उपभोक्ता द्वारा करों एवं शुल्कों का भुगतान किए जाने के पश्चात आयात की गई किसी वस्तु की कीमत के लिए बेंचमार्क के रूप में होते है। यह विचार करना उपयुक्त नहीं होगा कि अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत किए गए आयात घरेलू उद्योग को क्षति कारित नहीं करते हैं।

(iv) जहां तक इस तर्क का संबंध है कि संबद्ध देशों का निर्यात कुल भारतीय मांग का केवल 5 प्रतिशत है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि वर्तमान जांच में 5 प्रतिशत बाजार हिस्सा घरेलू उद्योग को क्षति कारित करने के लिए पर्याप्त है।

(v) जहां तक इस तर्क का संबंध है कि आईजी पेट्रोकैमिकल्स उच्च दर पर प्रचालन करने में सक्षम है और घरेलू उद्योग दर्शाई गई क्षमता उपयोग में कोई भी गिरावट थिरूमलाई कैमिकल्स लिमिटेड के कारण आई है जो संभारतंत्रीय दिक्कतों के कारण अपनी क्षमताओं का इष्टतम उपयोग करने में सक्षम नहीं रही है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग

(थिरूमलाई कैमिकल्स लिमिटेड और आईजी पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड को मिलाकर बने) को जांच की अवधि में क्षति पाटन के कारण हुई है। इसलिए, क्षति होने को न्यूनतर क्षमता उपयोग को ही उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है।

(vi) जहां तक थिरूमलाई कैमिकल्स लिमिटेड के अवस्थानिक अलाभ का तर्क का संबंध है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी जांच में क्षति विश्लेषण घरेलू उद्योग के लिए समग्र रूप से आयोजित करना होता है न कि किसी व्यक्तिगत घरेलू उत्पादकों के लिए अलग-अलग। इसके अतिरिक्त, वर्तमान जांच में घरेलू उद्योग को क्षति आयातों का लाभ, नकदी प्रवाह, निवेश पर प्रतिलाभ आदि पर विपरीत प्रभाव के कारण देखी जाती है जहां क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के दोनों उत्पादकों के कार्यनिष्पादन में गिरावट आई है। यह वह मामला नहीं है जहां केवल थिरूमलाई कैमिकल्स के लाभ, नकदी प्रवाह, निवेश पर प्रतिलाभ में गिरावट आई हो। आईजी पेट्रोकैमिकल्स के निष्पादन में भी लाभ, नकदी प्रवाह और निवेश पर प्रतिलाभ में भी गिरावट प्रदर्शित हुई है। जहां तक क्षति अवधि के दौरान मैसर्स आईजी पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड द्वारा किए गए "असाधारण खर्चों" के कारण जांच की अवधि के दौरान गिरावट के तर्क का संबंध है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि उत्पादन लागत, लाभ और निवेश पर प्रतिलाभ का निर्धारण करते समय इन खर्चों का अपवर्जन कर दिया गया था।

(vii) जहां तक इस तर्क का संबंध है कि सरकार की नीतियों में परिवर्तन का प्रभाव घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन पर पड़ा है, प्राधिकारी ने यह नोट किया है कि इस तर्क के संबंध में कोई प्रभाव नहीं दिया गया है कि सरकार की नीतियों में परिवर्तन के प्रभाव से वर्तमान क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग को क्षति किस तरह कारित की गई है।

(viii) जहां तक इस तर्क का संबंध है कि वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार उनके कार्यनिष्पादन में गिरावट के लिए अन्य कारक उत्तरदायी हैं, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि एतद्-अंतर्गत किया गया क्षति विश्लेषण यह सिद्ध करने के लिए स्वत: स्पष्ट है कि घरेलू उद्योग को क्षति पाटन के कारण हुई है। इसके अतिरिक्त, कंपनियों की वार्षिक रिपोर्टों जैसे सार्वजनिक विवरण से इस निष्कर्ष में कोई परिवर्तन नहीं आता है कि इस उत्पाद के पाटन ने घरेलू उद्योग को क्षति में अपना योगदान दिया है।

(ix) जहां तक इस तर्क का संबंध है कि क्या याचिकाकर्ताओं ने प्रस्तावित समायोजन योजना को वास्तव में अपनाया है और क्या याचिकाकर्ताओं द्वारा दावा की गई क्षति उनकी सतत अकार्यक्षमता के कारण हुई है जैसा कि उनकी समायोजन योजना में उल्लेख किया गया है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि गैर-क्षतिकारी कीमत का निर्धारण करते समय घरेलू उद्योग की अकार्यकुशलता को ध्यान में रखा गया है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन में क्षति अवधि के दौरान गिरावट आई है। घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन में यह गिरावट समायोजन योजना को न अपनाने के कारण संभव नहीं हो सकती है। कथित समायोजन योजना से तो घरेलू उद्योग और भी अधिक लागत प्रभावी बनेगा। तथापि, पाटनरोधी नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी को घरेलू उद्योग के संबंध में उसी रूप से विचार करना अपेक्षित होता जिस रूप में वह मौजूद है और यह जांच करनी होती है कि क्या घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन में क्षति अवधि के दौरान गिरावट आई है। घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन पर विचार आदर्श परिस्थितियों के संदर्भ में न करके घरेलू उद्योग की विशिष्ट परिस्थितियों के अंतर्गत किया जाता है।

(x) जहां तक मैसर्स मैसूर पेट्रोकैमिकल्स लिमिटेड के विघटन का संबंध है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि मैसूर पेट्रोकैमिकल्स घरेलू उद्योग का हिस्सा नहीं है और इसलिए क्षति का यह निर्धारण मैसूर पेट्रोकैमिकल्स की क्षति पर आधारित नहीं है।

(xi) जहां तक इस प्रस्तुतिकरण का संबंध है कि पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने से कीमतों में उतार-चढ़ाव होता है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण इस संबद्ध वस्तु का प्रयोग करके विनिर्मित किए गए उत्पाद के कीमत स्तर को प्रभावित कर सकता है और उसके परिणामस्वरूप इन उत्पादों की संगत प्रतिस्पर्धात्मकता पर भी कुछ प्रभाव हो सकता है। तथापि, पाटनरोधी शुल्क द्वारा भारतीय बाजार में पक्षपातरहित प्रतिस्पर्धा कम नहीं होगी, खासकर तब, जबकि पाटनरोधी शुल्क के उद्ग्रहण को एक ऐसी सीमा तक प्रतिबंधित कर दिया जाए जो राशि घरेलू उद्योग की क्षति का प्रशमन करने के लिए आवश्यक हो। इसके विपरीत, पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण पाटन की प्रक्रियाओं द्वारा अर्जित अनुचित लाभ को दूर करेगा, घरेलू उद्योग को पतन से निवारित करेगा और इस संबद्ध वस्तु के उपभोक्ताओं/उपभोक्ताओं को व्यापक विकल्प की उपलब्धता बनाए रखने में सहायता मिलेगी।

(xii) जहां तक इस तर्क का संबंध है कि घरेलू उद्योग को क्षति का मुख्य कारण उन देशों से इस संबद्ध वस्तु का आयात होना है जिन पर पहले से ही पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटन कई स्रोतों से एक साथ हो सकता है। पाटनरोधी साधन का उद्देश्य पाटन के स्रोत को अभिज्ञात करना और पाटन के प्रभाव को उस सीमा तक निष्क्रिय करना है जिससे घरेलू उद्योग के लिए समान अवसर सृजित हो सके। पहले से ही पाटनरोधी शुल्क लगे देशों से मौजूदा आयात पर उस सीमा तक पाटनरोधी शुल्क लगा था, जिस तक प्राधिकारी ने पाटन की स्थिति पाई है।

(xiii) जहां तक इस प्रस्तुतिकरण का संबंध है कि घरेलू उत्पादकों के बीच परस्पर प्रतिस्पर्धा ही उनकी क्षति के लिए उत्तरदायी है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि स्वस्थ बाजार परिस्थिति में उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा को नियम विरूद्ध नहीं कहा जा सकता है। यह नोट किया जाता है कि जहां कहीं किसी घरेलू बाजार में किसी विचाराधीन उत्पाद के एक से अधिक उत्पादनकर्ता होते हैं, वहां उनके बीच कुछ न कुछ आंतरिक प्रतिस्पर्धा अवश्य होती है। कुछ स्तर की घरेलू प्रतिस्पर्धा मौजूद होने के बावजूद भी, घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन में लाभ, नकदी प्रवाह और निवेश पर प्रतिलाभ जैसे पैरामीटरों के संबंध में वास्तविक रूप में गिरावट आई है। किसी भी हितबद्ध पक्षकार द्वारा यह सिद्ध नहीं किया गया है कि घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा उस सीमा तक बढ़ गई है कि उससे पाटन और सहन की गई परिणामी क्षति के बीच कारणात्मक संबंध टूट गया है।

(xiv) पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II के पैरा (iii) में यह प्रावधान है कि किसी ऐसे मामले में जहां किसी उत्पाद के एक से अधिक देशों से हो रहे आयातों पर पाटनरोधी जांच एक साथ ही जा रही हो तो प्राधिकारी इन आयातों के प्रभाव का संचयी आकलन तब करेंगे जब वह यह निर्धारित करते हैं कि :

क. प्रत्येक देश से आयातों के संबंध में स्थापित पाटन का मार्जिन निर्यात कीमत के प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त प्रतिशत दो प्रतिशत से अधिक है और प्रत्येक देश से आयातों की मात्रा समान वस्तु के आयातों का तीन प्रतिशत (अथवा उससे अधिक) है, अथवा जहां व्यक्तिगत देशों का निर्यात तीन प्रतिशत से कम है, वहां समान वस्तु के आयात सामूहिक रूप से कुल आयातों का सात प्रतिशत आयात बनते है; और

ख. आयातित वस्तु एवं समान घरेलू वस्तु के बीच प्रतिस्पर्धा की शर्तों के आलोक में आयातों के प्रभाव का संचयी आकलन करना उपयुक्त होगा।

(xv) प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि :

क. संबद्ध वस्तु का भारत में संबद्ध देशों से पाटन किया जा रहा है। प्रत्येक संबद्ध देश से पाटन का मार्जिन नियमावली के अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक है।

ख. प्रत्येक संबद्ध देश से आयातों की मात्रा व्यक्तिगत रूप से आयातों की कुल मात्रा का तीन प्रतिशत से अधिक है।

ग. आयातों के प्रभावों का संचयी आकलन करना उपयुक्त है क्योंकि सम्बद्ध देशों से भारतीय बाजार में आयात पाटित कीमतों पर प्रवेश कर रहे हैं और पाटित आयातीत वस्तु एवं भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग द्वारा पेशकश की गई समान वस्तु के बीच तीव्र प्रतिस्पर्धा की स्थिति है।।

38. उपर्युक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी यह मानते हैं कि घरेलू उद्योग को क्षति का आकलन संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के सभी निर्यातों से संचयी रूप से करना उपयुक्त होगा।

39. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को क्षति की जांच पाटनरोधी नियमावली के अनुसार और हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरणों पर विचार करते हुए की है।

40. नियमावली में यह अपेक्षा की जाती है कि प्राधिकारी क्षति की जांच मात्रा एवं कीमत प्रभाव दोनों की जांच करते हुए करेंगे। क्षति के निर्धारण (क) पाटित आयातों की मात्रा तथा समान वस्तु के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर इन पाटित आयातों के प्रभाव और (ख) घरेलू उद्योग पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव दोनों की उद्देश्य परक जांच करना अंतर्ग्रस्त होता है। पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी को यह विचार करना अपेक्षित होता है कि क्या पाटित आयातों में उत्पादन अथवा भारत में खपत के संगत रूप से अथवा अबाधित रूप से भारी वृद्धि हुई है। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में प्राधिकारी को यह विचार करना अपेक्षित होता है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमतों की तुलना में पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत अधोरदन किया गया है अथवा इन आयातों के प्रभाव से कीमतों में भारी मात्रा में निग्रहण होगा अथवा यह कीमतों में होने वाली उस वृद्धि को प्रतिनिवारित करेगा जो अन्यथा भारी मात्रा में घटित हुई होती।

41. भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए पूर्वोक्त नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार उन सभी संकेतकों पर विचार किया गया है जिनका घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है जैसे उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, स्टॉक, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्रापण, पाटन मार्जिन एवं उसकी मात्रा आदि।

मात्रा प्रभाव

मांग

42. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों तथा अन्य देशों से आयातों की मात्रा एवं मूल्य का आकलन करने के लिए डीजीसीआईएंडएस से प्राप्त आयात आंकड़ों पर विचार किया है। संबद्ध वस्तु की मांग का निर्धारण इस विचाराधीन उत्पाद का सभी देशों से आयातों के साथ घरेलू समान उत्पाद की घरेलू बिक्रियों को जोड़कर किया गया है। इसे सारांश में निम्नवत स्पष्ट किया जा सकता है :

विवरण	**मापन की इकाई**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**जांच की अवधि**
मांग					
घरेलू उद्योग की बिक्री	एमटी	183,405	180,050	193,033	190,482
अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री	एमटी	43,197	39,457	43,675	35,675
संबद्ध देश	एमटी	1,213	2,963	5,981	15,089
रूस	एमटी	1,213	2,648	3,547	11,667
जापान	एमटी	-	315	2,434	3,422
वे देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित है	एमटी	43,014	31,167	32,994	34,241
अन्य देश	एमटी	5,400	4,518	5,232	1,108
कुल	एमटी	276,229	258,154	280,915	276,596

43. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान इस संबद्ध वस्तु की मांग में सामान्य वृद्धि प्रदर्शित हुई है हालांकि विगत वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में इसमें मामूली सी गिरावट आई है।

आयात मात्रा एवं संबद्ध देशों का हिस्सा

44. डीजीसीआईएंडएस द्वारा प्रदान कराए गए आयात आंकड़ों पर विचार करते हुए क्षति अवधि के लिए आयात मात्रा निम्नलिखित है :

आयात मात्रा	**यूनिट**	2010-11	2011-12	2012-13	**जांच की अवधि**
संबद्ध देश	एमटी	1,213	2,963	5,981	15,089
-रूस	एमटी	1,213	2,648	3,547	11,667
-जापान	एमटी	-	315	2,434	3,422
वे देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित है	एमटी	43,014	31,167	32,994	34,241
अन्य देश	एमटी	5,400	4,518	5,232	1,108
कुल आयात	एमटी	49,626	38,647	44,207	50,438
आयातों में निम्नलिखित का बाजार हिस्सा :					
-रूस	%	2%	7%	8%	23%
-जापान	%	0%	1%	6%	7%
संबद्ध देश	%	2%	8%	14%	30%
वे देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित है	%	87%	81%	75%	68%
अन्य देश	%	11%	12%	12%	2%
निम्नलिखित के संबंध में संबद्ध देशों से आयात					

-कुल आयात	%	2%	8%	14%	30%
-मांग	%	0%	1%	2%	5%
-भारतीय उत्पादन	%	0%	1%	2%	6%

45. उपर्युक्त तालिका से यह नोट किया जाता है कि :

(i) जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयातों में अबाधित रूप से भारी वृद्धि हुई है।

(ii) कुल आयातों के संबंध में संबद्ध देशों से आयातों में भारी वृद्धि हुई है।

(iii) भारत में उत्पादन और खपत के संबंध में जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयातों में वृद्धि हुई है।

(iv) संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान भारत में उपभोग एवं उत्पादन के संबंध में आयातों में समग्र रूप से एवं अबाधित रूप से संबद्ध देशों से आयातों में भारी वृद्धि हुई है।

46. इस प्रकार, यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि संबद्ध देशों से आयातों में भारत में उपभोग और उत्पादन के संबंध में तथा आबधित रूप से वृद्धि हुई है।

कीमत प्रभाव

पाटित आयातों का कीमत प्रभाव तथा घरेलू उद्योग पर उसका प्रभाव

47. यह जांच की गई है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमतों का पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत अधोरदन किया गया है अथवा क्या इन आयातों के प्रभाव से कीमतों को अन्यथा भारी अवमंदन होगा अथवा कीमत में होनी वाली उस वृद्धि का निवारण होगा जिनमें अन्यथा भारी मात्रा में वृद्धि हुई होती। घरेलू उद्योग की कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच कीमत अधोरदन, कीमत अधोविक्रयण, कीमत निग्रहण और कीमत अवमंदन, यदि कोई, के संबंध में की गई है।

कीमत अधोरदन

48. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या आयात बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों का अधोरदन कर रहे हैं, प्राधिकारी ने आयातों की उतराई कीमत की तुलना घरेलू उद्योग के निवल बिक्री प्रापण से की है। इस संबंध में इस उत्पाद के उतराई मूल्य और घरेलू उद्योग की औसत ब्रिकी कीमत, व्यापार के समान स्तर पर सभी निवल रिबेटों और करों के बीच तुलना की गई। घरेलू उद्योग की कीमत का निर्धारण फैक्टरी बाह्य स्तर पर किया गया। इस तुलना से यह स्पष्ट हुआ कि जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देशों के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु का आयात भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत की तुलना में कम कीमत पर किया गया था। इस प्रकार यह नोट किया जाता है कि संबद्ध वस्तु के आयात घरेलू कीमतों का अधोरदन कर रहे थे और अधोरदन का मार्जिन अधोलिखित तालिका में दर्शाया गया है :

क्र.सं.	विवरण	यूनिट	2010-11	2011-12	2012-13	जांच की अवधि
क	**रूस**					
	उतराई कीमत	रुपए/एमटी	59,920	74,296	86,612	92,608
	निवल बिक्री प्रापण	रुपए/एमटी	***	***	***	***
	कीमत अधोरदन	रुपए/एमटी	***	***	***	***
	कीमत अधोरदन	%	***	***	***	***
	कीमत अधोरदन रेंज	%	(0-10)	0-10	0-10	0-10
ख	**जापान**					
	उतराई कीमत	रुपए/एमटी	-	81,578	87,624	91,285
	निवल बिक्री प्रापण	रुपए/एमटी	-	***	***	***

	कीमत अधोरदन	रुपए/एमटी	-	***	***	***
	कीमत अधोरदन	%	-	***	***	***
	कीमत अधोरदन रेंज	%	0	(5-15)	0-10	0-10
ग	**संबद्ध देश**					
	कीमत अधोरदन	रुपए/एमटी	***	***	***	***
	कीमत अधोरदन	%	(***)%	***	***	***
	कीमत अधोरदन रेंज	%	(0-10)	0	0-10	0-10

49. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देशों से आयातों की उतराई कीमत जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है। इस प्रकार संबद्ध देशों से आयात घरेलू उद्योग की कीमतों का अधोरदन कर रहे हैं।

कीमत अधोविक्रयण

50. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि कीमत अधोविक्रयण क्षति का आकलन करने के महत्वपूर्ण संकेतक हैं। कीमत अधोरदन की सीमा का निर्धारण करने के लिए गैर-क्षतिकारी कीमत का निर्धारण किया गया है और उसकी तुलना संबद्ध वस्तु के उतराई मूल्य से की गई है। गैर-क्षतिकारी कीमत का निर्धारण जांच की अवधि के दौरान इस विचाराधीन उत्पाद की घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत पर विचार करते हुए पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-III के अनुसार किया गया है।

51. यह विश्लेषण दर्शाता है कि संबद्ध वस्तु के आयातों का उतराई मूल्य घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत और गैर-क्षतिकारी कीमत की तुलना में कम था जैसाकि कि अधोलिखित तालिका से देखा जा सकता है :

विवरण	**यूनिट**	**रूस**	**जापान**
गैर-क्षतिकारी कीमत	रुपए/एमटी	***	***
उतराई कीमत	रुपए/एमटी	92,608	91,285
कीमत अधोविक्रयण	रुपए/एमटी	***	***
कीमत अधोविक्रयण	%	***	***
कीमत अधोविक्रयण रेंज	%	5-15	5-15

52. यह नोट किया जाता है कि जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु की उतराई कीमत घरेलू उद्योग के लिए निर्धारित की गई गैर-क्षतिकारी कीमत से कम है, जिसके परिणामस्वरूप भारी कीमत अधोविक्रयण हुआ।

कीमत निग्रहण/अवमंदन

53. यह निर्धारित करने के लिए क्या पाटित आयात घरेलू कीमतों का निग्रहण अथवा अवमंदन कर रहा है और क्या इन आयातों का प्रभाव कीमतों का भारी मात्रा में निग्रहण करना है अथवा उन कीमतों को बढ़ने से रोकना है जिनमें अन्यथा भारी मात्रा में वृद्धि हुई होती, प्राधिकारी ने जांच की अवधि सहित क्षति अवधि के संबंध में उत्पादन लागत, निवल बिक्री प्रापण तथा संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के उतराई मूल्य की जांच की है। स्थिति को अधोलिखित तालिका के अनुरूप दर्शाया गया है।

प्राचल	**यूनिट**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**जांच की अवधि**
बिक्री लागत	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	इंडेक्स	*100*	*131*	*155*	*166*
बिक्री कीमत	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	इंडेक्स	*100*	*128*	*154*	*159*

आयातों का उतराई मूल्य	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	इंडेक्स	*100*	*125*	*145*	*154*
उतराई कीमत- **जापान**	रुपए/एमटी	-	***	***	***
प्रवृत्ति	इंडेक्स	-	100	107	112
उतराई कीमत- **रूस**	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	इंडेक्स	*100*	125	145	155

54. उपर्युक्त सूचना से प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान बिक्री लागत और बिक्री कीमत दोनों से भारी वृद्धि हुई है। बिक्री कीमत में वृद्धि क्षति अवधि के दौरान उत्पादन लागत में हुई वृद्धि के अनुरूप नहीं थी। यह कीमत निग्रहण प्रभाव को दर्शाता है जिसके कारण घरेलू उद्योग अपनी बिक्री कीमत में वृद्धि अपनी बिक्री लागत में हुई वृद्धि के अनुरूप नहीं कर सका।

घरेलू उद्योग के आर्थिक पैरामीटर

55. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षा की जाती है कि क्षति का निर्धारण करने में समान उत्पाद के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की उद्देश्यपरक जांच अंतर्ग्रस्त होगी। इसके आगे नियमावली में यह प्रावधान किया गया है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में उन सभी संगत आर्थिक कारकों और संकेतकों का उद्देश्यपरक एवं पक्षपातहीन मूल्यांकन किया जाना चाहिए जिनका घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है जिनमें बिक्री, लाभ, आउटपुट, बाजार हिस्सा, उत्पादकता निवेश पर प्रतिलाभ अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट; घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक; पाटन के मार्जिन की मात्रा; नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, वेतन वृद्धि, पूंजी निवेश उगाहने की क्षमता पर वास्तविक एवं संभावित ऋणात्मक प्रभाव शामिल है। घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन की जांच यह व्यक्त करती है कि घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है। घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न पैरामीटरों पर निम्नवत चर्चा की गई है :

उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्री

56. उत्पादन, घरेलू बिक्री, क्षमता एवं क्षमता उपयोग के संबंध में घरेलू उद्योग का निष्पादन निम्नवत है :

विवरण	**यूनिट**	2010-11	2011-12	2012-13	**जांच की अवधि**
क्षमता	एमटी	256,110	256,110	256,110	268,610
उत्पादन	एमटी	207,810	208,480	213,684	211,033
क्षमता उपयोग	%	81%	81%	83%	79%
घरेलू बिक्रियां	एमटी	157,438	162,932	179,649	173,839

57. उपर्युक्त सूचना से प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि :

(i) घरेलू उद्योग ने क्षति अवधि में अपनी क्षमता में विस्तार कर लिया था।

(ii) घरेलू उद्योग के उत्पादन में वर्ष 2012-13 तक वृद्धि हुई, परंतु उसके पश्चात जांच की अवधि में इसमें गिरावट आ गई। जांच की अवधि में घरेलू उद्योग का उत्पादन विगत वर्ष, जब इसकी क्षमता में वृद्धि हुई थी, की तुलना में कम था।

(iii) घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग में वर्ष 2012-13 तक सुधार हुआ और फिर जांच की अवधि में इसमें गिरावट आ गई।

(iv) घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा में 2010-11 से वर्ष 2012-13 तक वृद्धि हुई परंतु जांच की अवधि में इसमें गिरावट आ गई।

लाभ, लाभप्रदता, निवेश पर प्रतिलाभ और नकद लाभ

58. जांच की अवधि के दौरान लाभ, निवेश पर प्रतिलाभ और नकदी प्रवाही के संबंध में घरेलू उद्योग का निष्पादन निम्नवत है :

विवरण	यूनिट	2010-11	2011-12	2012-13	जांच की अवधि
लाभ/(हानि)	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	इंडेक्स	*100*	*(421)*	*456*	*(1,566)*
लाभ/(हानि)	लाख रुपए	***	***	***	***
प्रवृत्ति	इंडेक्स	*100*	*(413)*	*480*	*(1,627)*
नकद लाभ	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	इंडेक्स	*100*	*29*	*159*	*(141)*
कर पूर्व लाभ	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	इंडेक्स	*100*	*133*	*278*	*(65)*
नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	इंडेक्स	100	140	279	(61)

59. उपर्युक्त सूचना से प्राधिकारी यह नोट करते है कि :

(i) संबद्ध वस्तु बनाने की लागत और उसके बेचने की लागत तथा बिक्री कीमत पर विचार करते हुए घरेलू उद्योग की लाभप्रदता का निर्धारण किया गया है।

(ii) घरेलू उद्योग के लाभ/हानि ओर लाभप्रदता में जांच की अवधि के दौरान भारी गिरावट आई है।

(iii) इस अवधि के दौरान यद्यपि उत्पादन लागत और बिक्री कीमत दोनों में ही वृद्धि हुई है तथापि घरेलू उद्योग अपनी बिक्री कीमत में जांच की अवधि में बिक्री लागत में वृद्धि के अनुरूप वृद्धि करने में असफल रहा। इसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में जांच की अवधि के दौरान प्रणाली गिरावट आई है।

(iv) घरेलू उद्योग को जांच की अवधि के दौरान भारी वित्तीय घाटा हुआ है।

(v) नकद लाभ, ब्याज पूर्व लाभ और नियोजित पूंजी पर प्रति लाभ ने लाभ के समान ही प्रवृत्ति अपनाई है। घरेलू उद्योग के निष्पादन में नकद लाभ, ब्याज पूर्व लाभ और नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ के संबंध में गिरावट आई है।

(vi) इस प्रकार यह देखा जाता है कि पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने पर घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन में वर्ष 2012-13 के दौरान सुधार हुआ। तथापि, वर्तमान संबद्ध देशों से पाटन के कारण उसमें गिरावट आई।

मांग में बाजार हिस्सा

60. घरेलू उद्योग की मांग में बाजार हिस्से पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच निम्नवत की गई है :

मांग में बाजार हिस्सा	यूनिट	2010-11	2011-12	2012-13	जांच की अवधि
घरेलू उद्योग की बिक्री	%	66.40%	69.75%	68.72%	68.87%
अन्य उत्पादकों की बिक्री	%	15.64%	15.28%	15.55%	12.90%
घरेलू उत्पादक समग्र रूप से	%	82.04%	85.03%	84.27%	81.77%
संबद्ध देश	%	0.44%	1.15%	2.13%	5.46%
-रूस	%	0.44%	1.03%	1.26%	4.22%
-जापान	%	0.00%	0.12%	0.87%	1.24%
वे देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है	%	15.57%	12.07%	11.75%	12.38%
अन्य देश	%	1.95%	1.75%	1.86%	0.40%

61. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग और घरेलू उत्पादकों के बाजार हिस्से में समग्र रूप से वर्ष 2010-11 और वर्ष 2011-12 के बीच वृद्धि हुई है और तत्पश्चात इसमें गिरावट आ गई। संबद्ध देशों के बाजार हिस्से में भारी वृद्धि हुई जबकि उन देशों के बाजार हिस्से में भारी गिरावट आई जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा था।

रोजगार, उत्पादकता और वेतन

62. रोजगार, उत्पादकता और वेतन से संबंधित स्थिति निम्नवत है :

विवरण	**यूनिट**	2010-11	2011-12	2012-13	**जांच की अवधि**
कर्मचारियों की संख्या	संख्या	***	***	***	***
वेतन	लाख रुपए	***	***	***	***
उत्पादकता प्रतिदिन	एमटी/प्रतिदिन	***	***	***	***

63. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग के साथ रोजगार में वर्ष 2012-13 तक वृद्धि हुई और तत्पश्चात उसमें गिरावट आ गई। संदत्त वेतन में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है जबकि जांच की अवधि के दौरान इसमें मामूली सी गिरावट आई है। उत्पादकता में भी वर्ष 2012-13 तक वृद्धि हुई और तत्पश्चात इसमें गिरावट आ गई।

मालसूची

64. अधोलिखित सूचना से प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की मालसूची की स्थिति में जांच की अवधि के दौरान वृद्धि हुई है:

विवरण	**यूनिट**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**जांच की अवधि**
इति भंडार	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	इंडेक्स	100	75	96	107

पाटन की मात्रा

65. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों का पाटन मार्जिन सकारात्मक है।

वृद्धि

66. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की वृद्धि ऋणात्मक रही है। जांच की अवधि के दौरान उत्पादन, बिक्री मात्रा, लाभ, निवेश पर प्रतिलाभ, ब्याज एवं कर पूर्व लाभ तथा नकद लाभ में ऋणात्मक वृद्धि प्रदर्शित हुई है।

विवरण	**यूनिट (वर्ष-दर-वर्ष)**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**जांच की अवधि**
उत्पादन	वाई/वाई	-	0%	2%	-1%
घरेलू बिक्री	वाई/वाई	-	-2%	7%	-1%
लाभ/(हानि)	वाई/वाई	-	-521%	8%	-443%
नकद लाभ	वाई/वाई	-	-71%	456%	-189%
पीबीआईटी	वाई/वाई	-	33%	109%	-124%
निवेश पर प्रतिलाभ	वाई/वाई	-	2%	7%	-17%

पूंजी निवेश उगाहने की क्षमता

67. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने संवर्धित मांग को देखते हुए अपनी क्षमता में विस्तार कर लिया है। तथापि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के पाटन ने घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति पहुंचाई है।

क्षति संबंधी निष्कर्ष

68. इस प्रकार यह देखा जाता है कि संबद्ध देशों से पाटित आयातों की मात्रा में अबाधित रूप से भारी वृद्धि हुई है। इन आयातों में भारत में इस उत्पाद के उत्पादन तथा उसके उपभोग के संबंध में और अबाधित रूप से दोनों तरह से वृद्धि हुई है। पाटित आयात बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों का कीमत अधोरदन कर रहे हैं। पाटित आयातों का कीमत निग्रहण के रूप में भारी विपरीत कीमत प्रभाव हुआ है। इन पाटित आयातों के प्रभाव से कीमत में हुई वृद्धि निवारित हुई है जिसमें अन्यथा भारी मात्रा में वृद्धि हुई होती। आयातों ने घरेलू उद्योग को लागत में हुई वृद्धि के अनुरूप अपनी कीमतों में वृद्धि करने से वंचित कर दिया है। घरेलू उद्योग को भारी कीमत अधोविक्रयण का सामना करना पड़ रहा है। प्राधिकारी द्वारा निर्धारित पाटन मार्जिन बहुत अधिक है। घरेलू उद्योग पर पाठित आयातों के परिणामी प्रभाव के संबंध में यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देशों से पाटित आयातों ने घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से, लाभ, नकद लाभ और निवेश पर प्रतिलाभ के संबंध में कार्यनिष्पादन पर विपरीत प्रभाव डाला है। घरेलू उद्योग की मालसूची में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, भारी कीमत अधोरदन और कीमतम निग्रहण के परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में इतनी अधिक गिरावट आई कि घरेलू उद्योग को भारी वित्तीय घाटा होने लगा। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग को नकद घाटा हुआ है और जांच की अवधि के दौरान निवेश पर प्रतिलाभ में कमी आई है। इस प्रकार प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है।

कारणात्मक संबंध

69. प्राधिकारी ने यह जांच की है कि क्या पाटनरोधी नियमावली में सूचीबद्ध अन्य कारकों ने घरेलू उद्योग को क्षति में अपना योगदान दिया है। पाटन और घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति के बीच कारणात्मक संबंधों की जांच निम्नवत की गई है।

तृतीय देशों से आयात

70. प्राधिकारी ने डीजीसीआईएंडएस से प्राप्त संबद्ध वस्तु के आयात आंकड़ों की जांच की है। यह नोट किया जाता है कि तृतीय देशों से आयात पर या तो पहले से ही पाटनरोधी शुल्क लगा हुआ है या उनकी मात्रा न्यूनतम है और इस प्रकार उनसे घरेलू उद्योग को दावाकृत क्षति कारित नहीं हो सकती है।

मांग में संकुचन

71. जांच की अवधि के दौरान भारत में थैलिक एन्हाइड्राइड की मांग में मामूली सी कमी हुई है। तथापि, संबद्ध देशों से इस विचाराधीन उत्पाद के आयातों में ऐसी स्थिति में भारी वृद्धि हुई है जब इस विचाराधीन उत्पाद की मांग में मामूली सी कमी प्रदर्शित हुई है।

घरेलू और विदेशी उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा तथा व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रियाएं

72. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि ऐसी कोई व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रिया नहीं है जिससे घरेलू उद्योग की क्षति में वृद्धि होती हो।

प्रविधि में विकास

73. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा अपनाई गई प्रविधि संपूर्ण विश्व में उत्पादकों द्वारा अपनाई जा रही प्रविधि से तुलनीय है। भारतीय उत्पादकों और विदेशी उत्पादकों द्वारा अपनाई गई विनिर्माण प्रक्रिया में कोई खास अंतर नहीं है। वास्तव में घरेलू उत्पादक काफी लंबे समय से इस उत्पाद का विनिर्माण कर रहे और उत्पादन के लिए अपनाई गई प्रविधि पूर्णतया सुस्थापित है।

उपभोग में प्रतिमान में परिवर्तन

